राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण गुरुवार, 02 जुन 2022 वर्ष-5,अंक-127 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कश्मीरी पंडित: पलायन की तैयारी

## महिला टीचर की मौत के बाद सुरक्षा का पुख्ता वादा मांगा, सरकार एक्टिव नहीं हुई तो कल से पलायन



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एक हिंदू शिक्षक रजनी बाला की हत्या पर आज भी विरोध प्रदर्शन जारी है। रजनी की अंतिम यात्रा के दौरान गुस्साए प्रदर्शनकारी बुधवार को सड़कों पर उतर आए और 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगाए। इस बीच कश्मीरी पंडितों ने धमकी दी है कि अगर प्रशासन ने उन्हें 24 घंटे के भीतर सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाया तो वे घाटी छोड़ देंगे। जानकारी के मुताबिक कश्मीरी पंडित समुदाय पलायन की तैयारी कर रहा है। कश्मीरी पंडितों की चेतावनी के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने उन्हें उनके ट्रांजिट कैंपों तक सीमित कर दिया है। मंगलवार सुबह कुलगाम के गोपालपोरा इलाके में हाई स्कूल टीचर रजनी बाला की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। 36 साल की रजनी को सिर में गोलियां लगी थीं। कुलगाम की रहने वाली टीचर ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। 20 दिन में दूसरी हत्या को लेकर कश्मीरी पंडित विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता रविंदर रैना रजनी बाला के आवास पर पहुंचे। वहां हो रही नारेबाजी के बीच उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बात की। भाजपा नेता ने आश्वासन दिया कि रजनी की हत्या का बदला जरूर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम उन सारे आतंकियों को पकड़ लेंगे, जो इस हत्या में शामिल थे। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। दिल्ली के मुख्यमन्त्री



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ अब वही हो रहा है, जो 1990 के दशक में उनके साथ हुआ था। उन्हें उनके घरों, दफ्तरों और सड़कों पर निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मारा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही हैं। यह मानवता और देश के खिलाफ है और इसे रोकने के लिए कोई कुछ नहीं कर रहा है। घाटी में 18 दिनों से कश्मीरी पंडितों का आंदोलन चल रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत नौकरी पाने वाले पंडित काम का बहिष्कार कर प्रदर्शन कर रहे हैं। ये घाटी में सबसे लंबे समय तक चलने वाला प्रदर्शन बन चुका है। रेवेन्यू विभाग के कर्मचारी राहुल भट की हत्या के बाद ये प्रदर्शन शुरू हुआ था। काम करने वाले कश्मीरी पंडितों की मांग है कि हमें कश्मीर के बाहर पोस्टिंग दी जाए। कश्मीर में टारगेट किलिंग अक्टूबर में शुरू हुई। यहां पांच दिनों में सात नागरिक मारे गए। इनमें एक कश्मीरी पंडित, एक सिख और प्रवासी हिंदू शामिल है, जो नौकरी की तलाश में आए थे। 14 अप्रैल को आतंकियों ने सतीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## टिकैत के बाद एक और किसान नेता पर हमला

लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष और लखीमपुर हिंसा के गवाह दिलबाग सिंह पर दो अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमला मंगलवार रात उस समय हुआ जब दिलबाग सिंह गोला कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज-मुडा रोड से अपने एसयूवी से घर वापस लौट रहे थे और इसी दौरान दो लोगों ने उन पर गोली चला दी। सिंह को इस हमले में कोई चोट नहीं आई। सिंह तीन अक्टूबर, 2021 के तिकुनिया हिंसा के गवाहों में से एक हैं। तिकुनिया हिंसा में चार किसानों, एक पत्रकार समेत आठ लोगों की मृत्यु हुई थी। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा इसी मामले में जेल में है।

## पुलिस को घुमा रहा सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़ा लॉरेंस विश्नोई, नहीं दे रहा सही जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़ा गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई पूछताछ के दौरान पुलिस का सहयोग नहीं कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई ने रविवार को पंजाबी गायक की हत्या में किसी भी भूमिका से इनकार किया है। बता दें कि लॉरेंस विश्नोई एक अलग मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में सजा काट रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पुराने मामले में पूछताछ के लिए उसे अपनी हिरासत में लिया था, जिसमें उसने मूसेवाला की हत्या को लेकर गोल-मोल जवाब दिए। कनाडा में गैंगस्टर और लॉरेंस विश्नोई के साथी गोल्डी बराड़ ने एक असत्यापित फेसबुक पोस्ट में सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उधर, लॉरेंस विश्नोई ने पुलिस को बताया कि रविवार की गोलीबारी में उसकी या उसके गिरोह से जुड़े लोगों की कोई



भूमिका नहीं थी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि गैंगस्टर ने पुलिस को बताया कि उसे गिरोह के किसी भी सदस्य द्वारा सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में जानकारी नहीं है। पुलिस का मानना है कि लॉरेंस विश्नोई झूठ बोल रहा है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि बिश्नोई पुलिस को उलझाने का प्रयास कर रहा है। लॉरेंस विश्नोई ने पुलिस को यह भी बताया कि सिद्धूमूसेवाला को यूथ अकाली दल के नेता विक्रमजीत सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए मारा गया था, जिसे विक्की मिद्दुखेड़ा के नाम से भी जाना जाता है। मिड्डुखेड़ा की पिछले साल गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### राज्यसभा चुनाव: कांग्रेस को खरीद-फरोख्त का डर

# हरियाणा के विधायकों को भेजेगी छत्तीसगढ़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव के लिए 10 जून को वोटिंग के दौरान खरीद-फरोख्त को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अपने रिसॉर्ट वाली रणनीति पर आ गई है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस पार्टी हरियाणा के विधायकों को छत्तीसगढ़ ले जाएगी, जहां एक रिसॉर्ट में उनके ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। विधायकों को ठहरने के लिए पार्टी ने एक रिसॉर्ट में कमरे बुक कर लिए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री हैं। हालांकि, अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आ पाई है कि कांग्रेस इन विधायकों को कब छत्तीसगढ़ शिफ्ट करेगी। न्यूज



एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा यह तय नहीं किया गया है कि विधायकों को वहां कब ले जाया जाएगा, लेकिन एक-दो दिन में ऐसा हो जाएगा। कहा जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी की ओर से बाहरी लोगों को मैदान में उतारने के बाद असंतुष्ट नेताओं की पृष्ठभूमि में यह कदम उठाया गया है। एआईसीसी महासचिव अजय माकन को हरियाणा से मैदान में उतारा गया है। अजय माकन के नाम के ऐलान के बाद हरियाणा कांग्रेस के सीनियर नेता कुलदीप बिश्नोई पार्टी के फैसलों को लेकर पहले से ही खफा हैं। इसके अलावा, पार्टी के लिए एक और समस्या कार्तिकेय शर्मा की उम्मीदवारी भी है। कार्तिकेय शर्मा के ससुर पूर्व कांग्रेस नेता हैं और राज्य की राजनीति में उनका अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को डर है कि अगर विधायकों को लालच दिया गया तो उसके किए पर पानी फिर सकता है। ऐसे में विधायकों के खरीद-फरोख्त से बचने के लिए कांग्रेस एक बार फिर रिसॉर्ट वाली रणनीति पर उतर आई है। 2017 में गोवा चुनाव और 2018 में मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान भी कांग्रेस पार्टी रिसॉर्ट की रणनीति अपनाई थी।

## झांसी में अग्निकांड में दो लोगों की मौत



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में बुधवार तड़के एक साड़ियों के शोरूम में आग लग गई। अग्निकाडं में दो लोगों की मौत हो गई। सात लोगों को बचा लिया गया है। अभी आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, झांसी जिले के कोतवाली थाना इलाके में दतिया गेट अंदर राई के ताजिया पर अजय का पूनम वस्त्रालय के नाम से साड़ियों का तीन मंजिला शोरूम है। बुधवार की सुबह तकरीबन 4:00 बजे शोरूम में आग लग गई। ऊपर की मंजिल पर आवास भी है। आग की लपटें उपरी मंजिल के आवास तक पहुंच गई। जिससे वहां रखे चार सिलेंडर तेज धमाकों की आवाज के साथ फट गए। सूचना मिलते ही मौके पर थाना कोतवाली पुलिस और दमकल दस्ता पहुंच गया। आग की भी भीषणता को देखते हुए सेना के दमकल दस्ते को भी बुलाया गया। पुलिस और दमकल कर्मियों ने मिलकर आवास में रह रहे 7 लोगों को बचाया जबकि दो की मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का काम अभी जा रहा।

### अयोध्या में सीएम योगी ने रखी गर्भगृह की पहली शिला

# बोले: राम मंदिर होगा देश का राष्ट्र मंदिर

**अयोध्या।** अयोध्या में उत्सव जैसा माहौल है। राम भक्त उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राम मंदिर के गर्भगृह का शिलान्यास कर दिया है। इससे पहले सीएम योगी ने निमार्णाधीन राम मंदिर के गर्भगृह का शिला पूजन किया। मंत्रोच्चरण के साथ आधारशिला रखी गई। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामजन्मभूमि के परिसर में प्रवेश किया और सबसे पहले रामलला की आरती उतारी। इसके बाद सीएम योगी निमार्णाधीन गर्भगृह स्थल पर वैदिक आचार्यों द्वारा किए जा रहे अनुष्ठान में शामिल हुए। सीएम योगी ने श्रीराम लला के भव्य घर के निर्माण में लगने वाली पहली नक्काशीदार शिला को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद स्थापित किया। बता दें इससे पहले पांच अगस्त 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। योगी आदित्यनाथ द्वारा राम मंदिर का पहला पिलर स्थापित करते ही वहां पर बैठे लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संतों-महंतों ने कहा कि यह दिन देखने के लिए कितनी पीढ़ियां कुर्बान हो गई हैं। आज हम लोगों का सौभाग्य है कि इस पल को





अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी रमेश दास कहते हैं कि जिस तरह से भगवान राम अयोध्या छोड़ कर 14 वर्ष के लिए वनवास चले गए थे और अयोध्यावासी उदास थे उनके लौटने के बाद जिस तरह की खुशी अयोध्या वासियों में दिखी थी, कुछ इस तरह की खुशी आज लोगों में दिख रही है। इस दौरान सीएम योगी ने राम मंदिर निर्माण कार्य में लगे इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और संतों-महंतों समेत कुल 200 लोग मौजूद थे। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया। हमें गर्भगृहके शिला पूजन का शोभाग्य मिला। जल्द ही भव्य राम मंदिर बनकर तैयार होगा। अब राम मंदिर का निर्माण तेजी से होगा। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियां इस काम में लगी थीं। अयोध्या में 500 साल की तड़पन जल्द दूर होगी। अयोध्या में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर भारत का राष्ट्रीय मंदिर होगा। लोग इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। राम मंदिर भारत की एकता का प्रतीक होगा।

## नसे प्रमुख राज ठाकरे के खून में पाई गई कोरोना की मृत कोशिकाएं, एक सप्ताह के लिए टली सर्जरी

**मुम्बई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे की कूल्हे की सर्जरी फिलहाल टाल दी गई है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनके खून में कोरोना वायरस के डेड सेल्स पाए गए हैं। जिसके कारण ये फैसला लिया गया है। मनसे के एक प्रवक्ता ने बुधवार को ये जानकारी दी। वह मंगलवार को अस्पताल में भर्ती हुए थे। मुंबई में स्थित लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने राज ठाकरे और उनके परिजनों को बताया कि इस हालत में उन्हें एनेस्थीसिया नहीं दिया जा सकता क्योंकि उनके खून में कोरोना वायरस के डेड सेल पाए गए हैं। डॉक्टरों ने बताया कि ऐसे में उनकी सर्जरी अगले सप्ताह के लिए टाल दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्जरी की तारीख अभी तय नहीं है। दरअसल, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे मंगलवार को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती हुए थे। यहां आज उनकी कूल्हे की सर्जरी होनी थी। इस माह के आरंभ में 52 वर्षीय ठाकरे ने कहा था कि वह अपने घुटनों और पीठ में समस्या महसूस करा रहे हैं, जिसके लिए वह सर्जरी कराएंगे। गौरतलब है कि राज ठाकरे महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई हैं।

## मणिपुर: 14 उग्रवादी कार्यकताओं की घर वापसी, सीएम बीरेन सिंह के सामने डाले हथियार

मणिपुर। सक्रिय उग्रवादी संगठन यूनाइटेड ट्राइबल लिबरेशन आर्मी के 14 कार्यकताओं ने बुधवार को राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह के सामने सरेंडर कर दिया। उग्रवादी संगठन के कार्यकताओं ने इंफाल में फर्स्ट मणिपुर राइफल्स बटालियन के बैंक्वैट हॉल में 'घर वापसी समारोह' में सरेंडर किया। कार्यकताओं ने भारी मांत्रा में हथियार और गोला-बारूद भी सरकार को सौंप दिए। यूनाइटेड ट्राइबल लिबरेशन आर्मी से ताल्लुक रखने वाले कैडरों ने अपने चीफ तोन्थांग सिंगसिट के साथ सीएम के सामने सरेंडर किया।



इसके साथ-साथ संगठन के कार्यकताओं ने दो एचके-33 राइफल, एक एके राइफल, कई छोटे हथियारों के साथ एक चीन हैंड ग्रेनेड पर भी सौंप दिए। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि हिंसा स्थायी समाधान नहीं ला सकती है। उन्होंने बाकी लोगों से भी मुख्यधारा में लौटने और सामान्य जीवन जीने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो लोग घर वापसी चाहते हैं, उनके लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी थी कि जघन्य अपराध में शामिल लोगों को छोड़कर सभी को किसी भी तरह के मामले या फिर प्राथमिकी से छूट दी जानी चाहिए ताकि वे अपना सामान्य जीवन जी सकें।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह भारत सरकार के साथ आगे आने और बातचीत करने का समय है। मेरे पर विश्वास करो, हमारा विश्वास करो, हम आपके दुश्मन नहीं है। आप सभी हमारे लोग हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य का विकास तभी होगा जब शांति होगी।

## भाजपा का सोनिया-राहुल पर निशाना: नड्डा बोले- चार्जशीट के खिलाफ वे कोर्ट नहीं गए, बल्कि जमानत मांगने गए, मतलब वे दोषी हैं

नई दिल्ली। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने बुधवार को राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, असम के मंत्री अशोक सिंघल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के राजनीतिक सचिव जयंत मल्लबरुआ को त्रिपुरा में आगामी उपचुनावों के चुनाव प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। इस बीच संवाददाताओं के बातचीत के दौरान उन्होंने सोनिया-राहुल गांधी को ईडी के नोटिस पर भी बात की। उन्होंने कहा कि क्या आपने कभी किसी अपराधी को यह कहते हुए देखा है कि मैं अपराधी हूं? सोनिया-राहुल गांधी निश्चित रूप से इससे इनकार करेंगे। दस्तावेज सबूत हैं। यदि चार्जशीट दायर की जाती है, तो आप इसे रद्द करने के लिए अदालत का



दरवाजा खटखटाएंगे, लेकिन उन्होंने जमानत मांगी। इसका मतलब है कि वे दोषी हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को क्लीन चिट देने के लिए फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी सुप्रीमो से कई सवाल भी किए। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जैन को कथित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने जैन को नौ जून तक हिरासत में भेज दिया था। हालांकि, केजरीवाल ने मंगलवार को जैन को सच्चा देशभक्त बताते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों को झूठा बताया था। इस पर स्मृति ईरानी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने एक न्यायाधीश की भूमिका निभाई और उन्हें क्लीन चिट दे दी। मैं अरविंद केजरीवाल से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं। मेरा पहला सवाल यह है कि क्या केजरीवाल इस बात से इनकार कर सकते हैं कि सत्येंद्र जैन ने 16.39 रुपये का घोटाला किया है। ऐसा उन्होंने 2010-11 से 2015-16 तक कोलकाता में हवाला ऑपरेटरों के सहयोग से 56 मुखौटा कंपनियों का उपयोग कर किया? भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आगामी दो जुलाई से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में होगी। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी निर्णय लेने वाला पार्टी का एक प्रमुख निकाय है, जिसमें देश भर के प्रमुख नेता शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित सभी वरिष्ठ नेता और मंत्री इस बैठक में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए हैदाराबाद का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि भाजपा वहां की सत्ताधारी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के मुख्य प्रतिद्वंद्वी की रूप में उभरी है।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

सुविचार — प्रकृति का तमाशा भी खूब है। सृजन में समय लगता है जबकि विनाश कुछ ही पलों में हो जाता है। - जकिया ज़ुबैरी

## संपादकीय

### घातक मंसूबे

गायक-अभिनेता से राजनेता बने सिद्धू मूसेवाला की निर्मम हत्या पंजाब में फल-फूल रही गैंगस्टर संस्कृति की भयावह तस्वीर उकेरती है। साथ ही हाल ही के वर्षों में गैंगस्टरों के बेखौफ अपने घातक इरादों को अंजाम देने से उपजे संकट को भी दर्शाती है। जहां पुलिस द्वारा चलाये गये अभियानों में कुछ गैंगस्टर मारे गये, वहीं आपसी प्रतिद्वंद्विता के चलते भी कई अपराधी मारे जा चुके हैं। लेकिन उनके नक्शेकदम पर चलने वाले दूसरे अपराधी इन गैंगों में भर्ती हो जाते हैं। दरअसल ये अपराधी तत्व हत्या, जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जैसे गैर-कानूनी कार्यों में लिप्त रहते हैं। विभिन्न प्रकार के अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों का गठजोड़ स्थिति को गंभीर बना रहा है। सिद्धू मूसेवाला की हत्या में पंजाब पुलिस प्रथम दृष्टया दो कुख्यात गिरोहों की प्रतिद्वंद्विता को जिम्मेदार मानकर चल रही है। यह भी दावा किया जा रहा है कि हत्या के तार वर्ष 2021 में एक युवा अकाली नेता की हत्या से जुड़े हो सकते हैं, जिसके प्रतिशोध के चलते ही इस हत्या को अंजाम दिया गया होगा। यहां उस दुर्दांत गैंगस्टर की कारगुजारियों की जांच की जरूरत महसूस की जा रही है जो जेल की सलाखों के पीछे से गंभीर वारदातों को अंजाम देता रहा है। बताया जाता है कि वह भारत व विदेशों में स्थित भारत विरोधी ताकतों के हाथ में खेल सकता है जो दरअसल, पंजाब में गड़बड़ी फैलाना चाहते हैं। यही वजह है कि पुलिस इस कांड में विदेशी हाथ की दिशा में भी जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड को लेकर राजनीतिक टिप्पणियां सामने आई हैं। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार की इस बात को लेकर आलोचना की जा रही है कि उसने हमले के आसन्न खतरे को नजरअंदाज करके सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा में कटौती की थी। कहा जा रहा है कि गैंगस्टरों द्वारा पेश की गई चुनौती की व्यापकता का आकलन करने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। हालांकि, कानून व्यवस्था को लेकर मान सरकार तमाम दावे विगत में करती रही है। राज्य के मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के कुछ समय बाद ही मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस उद्देश्य से लक्ष्य के लिये समर्पित विशेष पुलिस इकाई के गठन के आदेश भी दिये थे। दरअसल, राज्य में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में पांच सौ से अधिक सदस्यों वाले करीब सत्तर गिरोह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, जिनमें से करीब तीन सौ गुर्गे विभिन्न जेलों में बंद हैं। लेकिन यदि अपराधी जेल के भीतर रहकर भी अपराधों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं तो यह पंजाब व अन्य राज्यों के जेल अधिकारियों की लापरवाही को ही उजागर करता है। जिसके चलते गिरोह के सदस्य बंदूक संस्कृति का सोशल मीडिया के जरिये महिमामंडन में लगे रहते हैं। जिसका मकसद अपने गिरोहों में भटके हुए नये युवाओं को शामिल करना होता है। इस बात के तमाम सबूत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मिले भी हैं। इस चुनौती से मुकाबले के लिये पुलिस व अन्य खुफिया एजेंसियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिये अन्य राज्यों की पुलिस से बेहतर तालमेल करने की जरूरत है। वहीं पंजाब में गैंगस्टरों के खतरे को देखते हुए पार्टी स्तर से ऊपर उठकर दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाने की भी जरूरत है। इस कार्य में केंद्र सरकार की भी मदद ली जानी चाहिए ताकि दूसरे देशों में सक्रिय पंजाब के गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण के लिये दूसरे देशों पर दबाव बनाया जा सके। इस गंभीर चुनौती पर राजनीति करने से भी राजनीतिक दलों को बाज आना चाहिए। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से समस्या दूर होने के बजाय अधिक उलझ सकती है।

## नौवहनीय सुरक्षा चुनौती पर क्वाड की नज़र

सी. उदय भास्कर

हाल ही में टोकियो में संपन्न हुए क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में कुछ सुरक्षा संबंधी अहम मुद्दे भी शामिल थे, हालांकि अमेरिका के नेतृत्व वाले चार राष्ट्रीय समूह की नीति के अनुरूप 'सुरक्षा का सीधा जिक्र' न करते हुए, इससे संबंधित उल्लेख 3000 से अधिक शब्दों वाले दस्तावेज के अंत में रखा गया। साइबर सुरक्षा पर अलग से विशेष पैरा रखा गया लेकिन इसका असल सार नौवहनीय कार्यक्षेत्र के संदर्भ में है और इसका मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सागरीय नौवहन के मिश्रित ताने-बाने के सुरक्षा अवयवों से परे है। टोक्यो संयुक्त घोषणापत्र का आखिरी पैराग्राफ कहता है 'हम नई नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता पहल का स्वागत करते हैं, नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता के लिए बनी हिंद-प्रशांत सहभागिता (आईपीएमडीए) का उद्देश्य मानवीय और प्राकृतिक आपदाओं से मिलकर निपटने के लिए क्षेत्रीय भागीदारी बनाना और अवैध मछली शिकार रोकना है। आईपीएमडीए व्यवस्था हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र, दक्षिण-पूरब एशिया के मुल्कों और प्रशांत महासागर के द्वीपों से सलाह-मशविरा करके काम करेगा एवं सहायता देगी, यह हमारे सागरों और महासागरों में स्थायित्व एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय सूचना केंद्रों को तकनीक और प्रशिक्षण मुहैया करवाकर संवर्द्धित, संयुक्त नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता बनाएगी। मानवीय सहायता और प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित राहत देना क्वाड का केंद्रीय विचार है। याद करें तो इन चार मुल्कों के बीच अनाधिकारिक सहभागिता तभी बन गई थी जब वर्ष 2004 में आई सुनामी ने बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागरीय क्षेत्र के अलावा भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूरब एशिया में तबाही मचाई थी। राहत कार्य शुरू करने वाला भारत पहला देश था, जिसने अपने नौसैन्य जहाजों के जरिए सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक मदद पहुंचाई थी और जल्द ही अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी आ जुड़े। मार्च, 2022 में हुई पिछली शिखर वार्ता के विमर्श को आगे बढ़ाते हुए टोक्यो घोषणापत्र में हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में क्वाड द्वारा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत सहयोग (एचएडीआर) बनाने की बात कही गई है। यह भागीदारी मुख्यत: चारों सदस्य देशों और उनके तटीय रक्षक दलों की गतिविधियां, जहां कहीं भी लागू होगी, आपसी समन्वय बनवाएगी, यह उद्देश्य मानवीय है। तथापि आईपीएमडीए व्यवस्था के अंग के तौर पर, नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता (एमडीए) पर ध्यान केंद्रित रखना वह भाव है जो क्वाड के नौसैन्य अवयव को चतुर किंतु प्रभावी रूप से अंतर्निहित दिशात्मकता देने की काफी संभावना रखता है। इस बारे में पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश का कहना है 'नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता तमाम नौवहनीय अभियानों का केंद्रीय मूल है और टोही स्रोतों का सम्मिलन करना विशाल हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में और अधिक एवं सूक्ष्म स्तर पर चौकसी बनाने में मददगार होगा।' टोक्यो घोषणापत्र में मानवीय राहत कार्य और अवैध मछली शिकार, दोनों के संदर्भ में नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता बनाने पर जोर दिया गया है। अवैध, गैर-सूचित और अनियंत्रित मछली शिकार एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्रीय सुरक्षा चुनौती है। यह वैश्विक साझा मत्स्य खजाना, जिसमें दुनियाभर के महासागर और सागर आते हैं, उसकी लालच भरी लूट है। अनुमान है कि विश्वभर में कुल मिलाकर पकड़ी जाने वाली मछलियों का लगभग 30 फीसदी अवैध शिकार से है और इसके बहुत नकारात्मक परिणाम हैं। वह समुदाय जिनके रिवायती मछली क्षेत्र में अवैध सेंध लगने से न केवल उनकी आजीविका प्रभावित होती है बल्कि गैरकानूनी और अनियंत्रित मत्स्य दोहन से उस देश के राजस्व की भी हानि होती है। इतना ही नहीं, हर मौसम में काम करने लायक और स्वचालित मछलीमार नौकाएं हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के उन छोटे देशों के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भी सेंधमारी करती रहती हैं, जिनके पास निगरानी करने अथवा संयुक्त राष्ट्र सागरीय कानून संधि के तहत प्राधिकृत अपनी जल सीमा में घुसपैठिए मछलीमारों से निपटने लायक साधन नहीं हैं। अनेकानेक अध्ययनों से सिद्ध होता है कि महासागरों की नाजुक भोजन-श्रृंखला को मछली पकड़ने में प्रयुक्त बहुत बड़े जाल के बेधड़क इस्तेमाल और महासागर की तली से अनियंत्रित खनन करने से गंभीर खतरा पैदा हो गया है। जिससे समुद्री जीवन-चक्र में असंतुलन पैदा हो जाएगा, जिससे वैश्विक समुद्रीय भोजन श्रृंखला को अपूरणीय नुकसान होगा, परिणामवश समुद्र पर अनेकानेक रूप से आश्रित करोड़ों लोगों पर असर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की चेतावनी है 'अवैध मछली शिकार से सागरीय मत्स्य भंडार का संरक्षण और प्रबंधन करने में राष्ट्रों के और क्षेत्रीय प्रयासों को चोट पहुंचती है। यूके के संगठन एनवायरनमेंट जस्टिस फाउंडेशन का निष्कर्ष है कि चीन की लंबी दूरी की मछली पकड़ने वाली नौकाओं का बेड़ा अक्सर अवैध मछलीमार कृत्यों में लिप्त मिला है। 2015 से 2019 के बीच अवैध मछली दोहन करने में चीनी नौकाओं की शिनाख्त 300 मर्तबा एकदम पक्के तौर पर तो 240 बार संदिग्ध रही है। अनुमान है चीन के पास लंबी दूरी की 3000 मछलीमार नौकाएं हैं, 1,150 नौकाओं के साथ ताइवान दूसरे स्थान पर है तो इसके बाद नंबर जापान, दक्षिण कोरिया और स्पेन का है। टोक्यो में की गई आईपीएमडीए पहल से हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में सभी सतहों पर चौबीसों घंटे बहु-उपयोगी छवियां वास्तविक समय में मिल पाएंगी, यह काम समुद्री टोही हवाई जहाज और नौकाएं, उपग्रह और स्थानीय सूचना विलय केंद्रों के सम्मिलित प्रयासों से संभव होगा। भारत ने नौसेना द्वारा संचालित एक अलग और प्रतिबद्ध क्षेत्रीय सूचना विलय केंद्र गुरुग्राम में स्थापित किया है और वर्ष 2021 में इस केंद्र ने हिंद महासागर के बृहद क्षेत्र में कुल मिलाकर 3,411 घटनाओं की निगरानी की, लेखा-जोखा रखा और विश्लेषण किया है। इन घटनाओं में पाइरेसी और सशस्त्र चोरियां, तस्करी, अवैध मत्स्य शिकार, अनियमित मानव अप्रवास और गैर-अधिकृत नौवहनीय घटनाएं शामिल हैं। इस अवधि में क्षेत्रीय सूचना विलय केंद्र ने 392 अवैध मछली मार कृत्यों की शिनाख्त की है।

सूक्ष्म स्तर के नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता तंत्र से उन नौकाओं या जहाजों की नजरसाजी हो पाएगी जो अपना पहचान-सूचक यंत्र असक्रिय करने की कोशिश करेंगे या किसी अन्य संदिग्ध गतिविधि की निगरानी भी वास्तविक समय में हो सकेगी और यह सूचना संबंधित प्राधिकारी तक पहुंचेगी। टोक्यो घोषणापत्र का तिरछा इशारा यह है कि यदि आईपीएमडीए तंत्र चीनी और ताइवानी नौकाओं की अवैध मछली मार गतिविधियों की सटीक निगरानी करने की क्षमता रखता है, तो इस स्तर की टोह और नजरसाजी चीन की नौसैन्य गतिविधियों पर भी लागू होती है। जहां टोक्यो संयुक्त घोषणापत्र में नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता को हिदायतन दस्तावेज के आखिर में रखा गया है वहीं 23 मई को जारी हुई व्हाइट हाउस फैक्ट शीट में- यानी टोक्यो शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले और जिससे आईपीएमडीए व्यवस्था बनी- इसमें जोर देकर कहा गया है कि यह पहल प्रशांत महासागरीय द्वीपों, दक्षिण-पूरब एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र के भागीदारों की अपनी तटीय जलनिधि की संपूर्ण निगरानी करने की क्षमता को बदलकर रख देगी, और परिणास्वरूप, हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में मुक्त और खुला नौवहन बन पाएगा।

लेखक सोसायटी फॉर पॉलिसी स्टडी के निदेशक हैं।

## महाराणा प्रताप की मृत्यु पर अकबर भी रोया था

(2 जून महाराणा प्रताप जयंती )/लेखक-विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन)

चित्तौड़ के साहसी और प्रख्यात शासन की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाती है। वह एक महान योद्धा, राजस्थान का गौरव, एक दुर्जेय शक्ति था। वह मेवाड़ के शासक राणा उदय सिंह द्वितीय के पुत्र थे। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को कुंभलगढ़ दुर्ग (पाली) में हुआ था। लेकिन राजस्थान में राजपूत समाज का एक बड़ा तबका उनका जन्मदिन हिन्दू तिथि के हिसाब से मनाता है। महाराणा प्रताप ने अपनी मां से ही युद्ध कौशल सीखा था। देश के इतिहास में दर्ज हल्दीघाटी का युद्ध आज भी पढ़ा जाता है। राजा महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच लड़ा गया ये युद्ध बहुत ही विनाशकारी था।

मेवाड़ के महान हिन्दू शासक महाराणा प्रताप के बारे में खास बातें

1- महाराणा प्रताप का जन्म महाराजा उदयसिंह एवं माता राणी जीवत कंवर के घर में हुआ था। उन्हें बचपन और युवावस्था में कीका नाम से भी पुकारा जाता था। ये नाम उन्हें भीलों से मिला था जिनकी संगत में उन्होंने शुरुआती दिन बिताए थे। भीलों की बोली में कीका का अर्थ होता है - 'बेटा'।

2- महाराणा प्रताप के पास चेतक नाम का एक घोड़ा था जो उन्हें सबसे प्रिय था। प्रताप की वीरता की कहानियों में चेतक का अपना स्थान है। उसकी फुर्ती, रफ्तार और बहादुरी की कई लड़ाइयां जीतने में अहम भूमिका रही। हल्दीघाटी युद्ध में उसे भी गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई।

3- 1582 में दिवेर के युद्ध में राणा प्रताप ने उन क्षेत्रों पर फिर से कब्जा जमा लिया था जो कभी मुगलों के हाथों गंवा दिए थे। कर्नल जेम्स टॉ ने मुगलों के साथ हुए इस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा था। 1585 तक लंबे संघर्ष के बाद वह मेवाड़ को मुक्त करने में सफल रहे। महाराणा प्रताप जब गद्दी पर बैठे थे, उस समय जितनी मेवाड़ भूमि पर उनका अधिकार था, पूर्ण रूप से उतनी भूमि अब उनके अधीन थी।

4- वैसे तो महाराणा प्रताप ने मुगलों से कई लड़ाइयां लड़ीं लेकिन सबसे ऐतिहासिक लड़ाई थी- हल्दीघाटी का युद्ध जिसमें उनका मानसिंह के नेतृत्व वाली अकबर की विशाल सेना से आमना-सामना हुआ। 1576 में हुए इस जबरदस्त युद्ध में करीब 20 हजार सैनिकों के साथ महाराणा प्रताप ने 80 हजार मुगल सैनिकों का सामना किया। यह मध्यकालीन भारतीय इतिहास का सबसे चर्चित युद्ध है। इस युद्ध में प्रताप का घोड़ा चेतक जख्मी हो गया था। इस युद्ध के बाद मेवाड़, चित्तौड़, गोगुंडा, कुंभलगढ़ और उदयपुर पर मुगलों का कब्जा हो गया था। अधिकांश राजपूत राजा मुगलों के अधीन हो गए लेकिन महाराणा ने कभी भी स्वाभिमान को नहीं छोड़ा। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।

5- 1596 में शिकार खेलते समय उन्हें चोट लगी जिससे वह कभी उबर नहीं पाए। 19 जनवरी 1597 को सिर्फ 57 वर्ष आयु में चावड़ में उनका देहांत हो गया।

6- महाराणा प्रताप के भाले का वजन कुल 81 किलो था, साथ ही उनके छाती का कवच 72 किलो का था। भाला, कवच, ढाल और दो तलवारों के साथ उनके अस्त्र और शस्त्रों का वजन 208 किलो था।

7- हल्दीघाटी युद्ध के दौरान जब मुगल सेना महाराणा के पीछे पड़ी थी, तब चेतक ने राणा को अपनी पीठ पर बिठाकर, कई फीट लंबे नाले को छलांग लगा कर पार किया था। आज भी हल्दी घाटी में चेतक की समाधि बनी हुई है।




दिल्ली में मुगल शासक अकबर का राज था और अकबर सभी राजपूत राजाओं अपने अधीन करना चाहता। उस समय केवल महाराणा प्रताप ही ऐसे राजा थे जिन्होनें अकबर की गुलामी करने से इंकार कर दिया। प्रताप की तरह ही उनका घोड़े चेतक की बहादुरी की चर्चा भारतीय इतिहास में होती है। चेतक के बारे मे वीर रस की कविता 'चेतक की वीरता' में बखूबी बताया गया है। युद्ध के दौरान चेतक उन्हे पीठ पर लाद कर 26 फुट लंबे नाले को लाँघ गया था जिसे कोई मुगल घुड़सवार पार नहीं कर पाया था।

महाराणा प्रताप की मृत्यु पर अकबर भी रोया था

मुगल शासक अकबर कभी भी महाराणा प्रताप को अपने अधीन नहीं कर पाया और जब 57 वर्ष की उम्र में 29 जनवरी, 1597 को अपनी राजधानी चावंड मे धनुष की डोर खींचते वक्त आँत में चोट लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई तो कहा जाता है कि अकबर इस खबर को सुनकर बहुत दुखी हुआ था। राणा प्रताप की देश भक्ति से वह इतना प्रभावित हुआ था कि महाराणा की मौत पर उसके भी आँसू निकल आए थे।

महाराणा प्रताप के साथ जैन श्रावक वीर भामाशाह को भी नहीं भुलाया जा सकता ,उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान महाराणा प्रताप के लिए रहा।

## आज के कार्टुन




## मोह का नशा

आचार्य रजनीश ओशो

मोह एक नशा है। जैसे नशे में डूबा हुआ कोई आदमी चलता है, डगमगाता है; पक्का पता भी नहीं कि कहां जा रहा है, क्यों जा रहा है; चलता है बेहोशी में, ऐसे तुम चलते रहे हो। कितना ही तुम सम्हालो अपने पैरों को, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सभी शराबी सम्हालने की कोशिश करते हैं। तुम अपने को भला धोखा दे दो, दूसरों को कोई धोखा नहीं हो पाता। सभी शराबी कोशिश करते हैं कि वे नशे में नहीं है; जितनी कोशिश करते हैं, उतना ही प्रगट होता है। और, यह मोह नशा है। और जब मैं कहता हूं कि मोह नशा है, तो बिल्कुल रासायनिक अथरे में कहता हूं कि मोह नशा है। मोह की अवस्था में तुम्हारा पूरा शरीर नशीले द्रव्यों से भर जाता है वैज्ञानिक अथ्रे में भी। जब तुम किसी एक सी के प्रेम में गिरते हो तो तुम्हारे पूरे शरीर का खून विशेष रासायनिक द्रव्यों से भर जाता है। वे द्रव्य वही हैं जो भांग में, गांजे में, एल. एस. डी. में हैं। इसलिए अब जिसके तुम प्रेम में पड़ गए हो, वह सी अलौकिक दिखाई पड़ने लगती है। वह सी फीकी नहीं मालूम होती। जिस पुरुष के प्रेम में तुम पड़ जाओ, वह पुरुष इस लोक का नहीं मालूम पड़ता। नशा उतरेगा, तब वह दो कौड़ी का दिखाई पड़ेगा। जब तक नशा है..! इसलिए तुम्हारा कोई भी प्रेम स्थायी नहीं हो सकता क्योंकि नशे की अवस्था में किया गया है। वह मोह का स्वरूप है। होश में नहीं हुआ है, बेहोशी में हुआ है। इसलिए हम प्रेम को अंधा कहते हैं। प्रेम अंधा नहीं है, मोह अंधा है। हम भूल से मोह को प्रेम समझते हैं। प्रेम तो आंख है; उससे बड़ी कोई आंख नहीं है। प्रेम की आंख से तो परमात्मा दिखाई पड़ जाता है इस संसार में छिपा हुआ। मोह अंधा है; जहां कुछ भी नहीं है वहां सब कुछ दिखाई पड़ता है। मोह एक सपना है। और, जिनको हम योगी कहते हैं, वे भी इस मोह से पस्त होते हैं। सिद्धियां तो हल हो जाती हैं। वे कुछ शक्तियां तो पा लेते हैं। शक्तियां पानी कठिन नहीं है। दूसरे के मन के विचार पढ़े जा सकते हैं, सिर्फ थोड़ा ही उपाय करने की जरूरत है। दूसरे के विचार प्रभावित किए जा सकते हैं थोड़ा ही उपाय करने की जरूरत है। आदमी आए तुम बता सकते हो कि तुम्हारे मन में क्या खयाल है। थोड़े ही उपाय करने की जरूरत है। यह एक विज्ञान है; धर्म का इससे कुछ लेना-देना नहीं। मन को पढ़ने का विज्ञान है, जैसे किताब को पढ़ने का विज्ञान है।

## सू-दोकू नवताल ·2131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 8 | | | | | | |
| | 6 | | | 4 | 9 | | | 7 |
| 2 | | 9 | 5 | 3 | | 6 | | |
| | 3 | 2 | 9 | | | | 7 | |
| 6 | | | 7 | | 4 | | | 3 |
| | 1 | | | | 2 | 4 | 5 | |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | | 2 |
| 8 | | | 1 | 6 | | | 9 | |
| | | | | | | 3 | 4 | |

### सू-दोकू ·2130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-2131



### बायें से दायें:-

1. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-2,3
4. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-4
6. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-3
8. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-4
10. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की 1993 की एक फिल्म-5
13. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-2
14. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-3
16. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-3
19. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-3
21. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-3
22. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-2,2
24. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-2
26. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-2
27. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-2
29. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-3
31. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-4
32. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-3
33. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-1

### ऊपर से नीचे:-

1. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-4
2. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-3
3. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-2
4. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-3
5. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-3
7. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-2
9. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-3
11. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-3
12. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-3
15. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-4
16. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-2
17. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-4
18. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-3
19. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-2
20. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-3
23. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-2
25. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-3
26. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-3
28. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-3
30. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली-2130

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या | क | ह | ना | | जं | ग | | मि | |
| | सू | | रा | जा | जी | | हे | ल | न |
| अ | र | बा | ज | | र | ह | मा | न | |
| भि | | गी | | अ | | व | | | चा |
| मा | ला | | दे | व | | स | सु | रा | ल |
| न | | डॉ | | ता | ल | | हा | | बा |
| | जा | न | व | र | | र | ग | बा | ज |
| दि | ल | | र | | गैं | ग | | जी | |
| ल | | अं | दा | ज | | | सं | ग | म |
| गी | त | | न | | कां | टे | | र | |

## रिलायंस हेल्थ गेन पॉलिसी लांच

**मुंबई ।** भारत में निजी क्षेत्र की जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सबसे ज्यादा सुविधाजनक और कस्टमाइज करने योग्य हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी-रिलायंस हेल्थ गेन को लांच किया है। यह पॉलिसी ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार सुविधाओं का चयन करने और केवल चुनी गई सुविधाओं के लिए भुगतान करके अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार करने का विकल्प प्रदान करती है। रिलायंस जनरल ने आज के जमाने के हर उम्र के ग्राहकों की विशेष और उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से इस पॉलिसी को लांच किया है। चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, राकेश जैन ने कहा, महामारी के बाद लोगों के बीच हेल्थ इंश्योरेंस को अपनाने के विचार में तेजी आई है, तथा लोग उपचार की आधुनिक सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत के बारे में अधिक जागरूक हो गए हैं। लेकिन आज भी ज्यादातर ग्राहकों के लिए सही बीमा कवर चुनना एक बड़ी समस्या है। रिलायंस हेल्थ गेन पॉलिसी के माध्यम से हम ग्राहकों को 'चुनने का अधिकार' देना चाहते हैं, ताकि वे अपनी जरूरत के हिसाब से अपना हेल्थ इंश्योरेंस डिजाइन कर सकें।

## निफ्ट ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश आरंभ, आवेदन की अंतिम तिथि 18 जून

**भोपाल ।** नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना 1995 में पंजाब सरकार द्वारा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के तहत मोहाली में की गई थी। निफ्ट डिजाइन, प्रबंधन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करता है, जहां देश भर से छात्र प्रवेश लेने और इसके शैक्षिक कार्यक्रमों से लाभ उठाने के लिए आते हैं। यह संस्थान हर वर्ष नए प्रोग्राम्स शामिल करता है और गारमेंट इंडस्ट्री के साथ लगातार मजबूत संबंध विकसित करता है। निफ्ट में प्रवेश तीनों सेंटर्स पर सभी ग्रेजुएशन प्रोग्राम के लिए प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है, जो 2022 के जून महीने में आयोजित होगी। पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम में सीधे प्रवेश योग्यता परीक्षा की इंटर-से मेरिट के आधार पर होता है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुका है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून 2022 है।

## पीएनबी ने मानक उधारी दर 0.15 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को सभी अवधि वाली मानक उधारी दर एमसीएलआर में 0.15 प्रतिशत तक बढ़ा दी है, जिससे कर्जदारों की देय मासिक किस्तें बढ़ जाएंगी। पीएनबी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि कोष-आधारित उधारी दर में की गई यह बढ़ोतरी एक जून से ही प्रभावी हो गई है। पीएनबी ने कर्जों पर वसूले जाने वाले ब्याज की दर में बढ़ोतरी का यह फैसला रेपो दर में वृद्धि करने के भारतीय रिजर्व बैंक के कदम के बाद उठाया गया है। रेपो दर को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत करने की घोषणा रिजर्व बैंक ने मई की शुरुआत में की थी। अब पीएनबी का एक वर्षीय एमसीएलआर 7.25 प्रतिशत से बढ़कर 7.40 प्रतिशत हो गया है। बैंक के अधिकांश कर्ज एमसीएलआर पर ही आधारित होते हैं लिहाजा उन कर्जों की किस्तें भी अब बढ़ जाएंगी। इसी तरह एक दिन, एक महीना और तीन महीना वाला एमसीएलआर 0.15 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 6.75 प्रतिशत, 6.80 प्रतिशत और 6.90 प्रतिशत हो गया है। वहीं छह महीने का एमसीएलआर बढ़कर 7.10 प्रतिशत हो गया है। इसी के साथ तीन वर्षीय एमसीएलआर भी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 7.70 प्रतिशत हो गया है।

## बजाज ऑटो ने मई में 2,75,868 वाहन बेचे

**मुंबई ।** घरेलू वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो ने बुधवार को कहा कि मई में उसकी कुल वाहन बिक्री हल्की बढ़त के साथ 2,75,868 इकाई रही जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2,71,862 इकाई रही थी। बजाज ऑटो ने एक बयान में कहा कि मई में उसकी कुल घरेलू बिक्री 85 प्रतिशत बढ़कर 1,12,308 इकाई रही। मई, 2021 में उसने कुल 60,830 वाहनों की बिक्री की थी। हालांकि मई, 2022 में कंपनी का निर्यात 22 प्रतिशत घटकर 1,63,560 इकाई रहा जो एक साल पहले 2,11,032 इकाई था। कंपनी ने कहा कि दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 2,49,499 इकाई रही जबकि मई, 2021 में यह 2,40,554 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की घरेलू बाजार में बिक्री 59 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 96,102 इकाई पर पहुंच गई जो एक साल पहले 60,342 इकाई थी। हालांकि इस साल मई में इसका दोपहिया निर्यात 15 प्रतिशत गिरकर 1,53,397 इकाई रहा जो मई, 2021 में 1,80,212 इकाई रहा था। इसी के साथ कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 16 प्रतिशत गिरकर 26,369 इकाई पर आ गई जो एक साल पहले समान महीने में 31,308 इकाई पर रही थी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।**
मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से भी बाजार में यह गिरावट आई है। सेंसेक्स के शेयरों में नेस्ले इंडिया, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। वहीं दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयरों को लाभ हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 185.24 अंक करीब 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ ही 55,381.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 61.80 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ ही 16,522.75 अंक पर बंद हुआ।

एसएंडपी ने भारतीय विनिर्माण के बारे में जारी अपने मासिक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र यानी की वृद्धि मई में भी मजबूत बनी रही। नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि की दर पिछले महीने जैसी बनी रही जबकि बिक्री कीमतों में उछाल के बाद भी मांग बनी हुई है।

वहं एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग में गिरावट दर्ज की गयी जबकि जापान का निक्की ऊपर आया है। वहीं यूरोप के बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला।

## रुपया 77.51 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया ऊपर आया है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 20 पैसे की तेजी दिखाते हुए 77.51 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.58 पर खुला और दिन के कारोबार में 77.51 से लेकर 77.62 रुपये के दायरे में रहने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की तेजी के साथ 77.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ 77.71 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर पर बंद हुआ था। वहीं इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी बढ़कर 101.90 हो गया।

## तेलंगाना ने आठ साल में 2.34 लाख करोड़ का निवेश जुटाया

**हैदराबाद ।**

वर्ष 2014 में एक अलग राज्य के तौर पर तेलंगाना का गठन होने के बाद से अब तक इस राज्य ने 2.34 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जुटा लिया है। तेलंगाना सरकार की एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसके मुताबिक उद्यमियों को तय समय के भीतर जरूरी मंजूरियां देने के लिए लाए गए तेलंगाना राज्य औद्योगिक परियोजना अनुमति एवं स्व-प्रमाणन प्रणाली (टीएस-आईपास) अधिनियम की इसमें अहम भूमिका रही है। रिपोर्ट कहती है कि अब तक राज्य में 2,34,836 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी जा चुकी है। इससे 76,56,460 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। इनमें से 1.33 लाख करोड़ रुपए निवेश योजना वाली 15,747 इकाइयों ने अपना कामकाज शुरू भी कर दिया है और वे 9.95 लाख लोगों को रोजगार दे रही हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक तेलंगाना राज्य औद्योगिक विकास एवं उद्यमी उन्नति (टी-आइडिया) प्रोत्साहन योजना, 2014 के जरिये राज्य सरकार उद्यमियों को कई तरह के प्रोत्साहन दे रही है। अभी तक 200 बीमार कंपनियों को मदद भी दी जा चुकी है।रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड को फिर से शुरू करने के लिए राज्य सरकार ने 11 प्रतिशत इक्विटी के अलावा 261 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की है। वहीं सिरपुर पेपर मिल्स लिमिटेड, आदिताबाद को दोबारा चालू करने के लिए सरकार ने जेके पेपर्स लिमिटेड के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

# हवाई सफर होगा सस्ता, इस साल पहली बार घटे जेट फ्यूल के दाम, जनवरी से अब तक 10 बार की गई वृद्धि

**नई दिल्ली ।**
महंगाई पर लगातार चोट कर रही मोदी सरकार ने अब हवाई ईंधन पर वार किया है। सन 2022 में पहली बार जेट फ्यूल के रेट में कटौती करते हुए इसकी कीमतें 1.3 फीसदी घटा दी हैं। इससे पहले जनवरी से अब तक एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 10 बार बढ़ोतरी की गई थी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार सुबह एटीएफ की कीमतों को 1.3 फीसदी घटाकर 1.21 लाख रुपए प्रति किलोलीटर कर दिया है। इससे पहले 16 मई को कंपनी ने कीमतों में 5 फीसदी की बढ़ोतरी की थी, जिसके बाद मूल्ये य 1.23 लाख रुपए प्रति किलोलीटर पहुंच गया था। 2022 में जनवरी से अब तक एटीएफ के मूल्ये य में 10 बार वृद्धि की जा चुकी है और इसकी कीमत 72,062 रुपए प्रति किलोलीटर से 61.7 फीसदी बढ़कर 1.23 लाख रुपये पहुंच गई थी।

विमान संचालन में एटीएफ पर होने वाले खर्च की हिस्ेसेदारी 40 फीसदी रहती है। यही कारण है कि हवाई ईंधन के दाम बढ़ने से यात्रियों पर सीधा असर पड़ता है। इस साल 16 मार्च को कंपनियों ने एटीएफ में सबसे ज्े यादा बढ़ोतरी की थी। तब 18.3 फीसदी कीमत बढ़ाई थी। इसके बाद 1 अप्रैल को भी कीमतों में 2 फीसदी बढ़ोतरी की गई, जबकि 16 अप्रैल को 0.2 फीसदी और 1 मई को 3.22 फीसदी की वृद्धि हुई। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से ग्े लोबल मार्केट में कच्ेचे तेल की सप्े लाई पर संकट बढ़ा और इसकी कीमतों में असमान उछाल आ गया। चूंकि, भारत अपनी कुल जरूरत का करीब 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में यहां ईंधन की जरूरतें पूरी करने के लिए महंगा तेल खरीदना पड़ा जिसका असर पेट्रोल-डीजल, सीएनजी-पीएनज सहित हवाई ईंधन पर भी दिख रहा है। आज की गई कटौती के बाद देश के चारों महानगरों में हवाई ईंधन के दाम घट गए हैं। राजधानी दिल्ली में एटीएफ की कीमत 121,475.74 रुपये प्रति किलोलीटर पहुंच गई है। हालांकि, कोलकाता में अब भी सबसे ज्यादा 126,369.98 रुपये प्रति किलोलीटर के भाव एटीएफ बिक रहा है। मुंबई में अब हवाई ईंधन की कीमत 120,306.99 रुपये प्रति किलोलीटर और चेन्ेनई में 125,725.36 रुपए प्रति किलोलीटर पहुंच गई है।



# स्मार्टफोन हमारी सेहत पर भी रखेंगे नजर

### - सर्च इंजन गूगल ला रहा है नया फीचर

**नई दिल्ली ।**
अब स्मार्टफोन हमारी सेहत और शारीरिक गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। सर्च इंजन गूगल इन दिनों खर्राटे और खांसी पर नजर रखने वाले फीचर पर काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि गूगल इस फीचर को अपने फोन पिक्सल या फिर एंड्रॉयड स्मार्टफोन में शामिल कर सकता है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने इस फीचर पर काम करने के लिए स्लीप आडियो कलेक्शन स्टडी आयोजित की है जो केवल गूगल के कर्मचारियों के लिए ही उपलब्ध है। एक खबर के मुताबिक, गूगल खांसी और खर्राटों की पहचान करने वाले फीचर पर काम कर रहा है। गूगल के स्वास्थ्य अध्ययन का दूसरा संस्करण जारी किया है।एक स्टडी का खुलासा किया है जिसमें स्लीप ऑडियो कलेक्शन की बात कही गई है। फिलहाल इस स्टडी गूगल कर्मचारियों को ही शामिल किया गया है। गूगल के फुल टाइम कर्मचारी इस स्टडी में शामिल हो सकते हैं। कर्मचारियों के पास एंड्रॉयड फोन होना चाहिए। स्टडी में कर्मचारी को एक कमरे में सुलाया जाएगा और फिर डिवाइस के माध्यम पर उस पर नजर रखी जाएगी। बताया जा रहा है कि गूगल खांसी और खर्राटों के ऐल्गरिदम को एक मॉनिटरिंग फीचर में ट्रांसलेट करने की कोशिश कर रही है। ताकि यूजर को उसकी नींद से जुड़ी छोटी-छोटी जानकारी मुहैया कराई जा सके। स्टडी के पूरा होने पर कंपनी अपने स्मार्टफोन में इस मॉनिटरिंग फीचर्स को पेश कर सकती है। 2020 में गूगल ने गूगल घड़ी में एक 'बेडटाइम' हब पेश किया था जो बिस्तर में बिताए समय का अनुमान लगाने के लिए डिजिटल वेलबीइंग के साथ काम करता है। इसमें क्लॉक ऐप को मोशन और लाइट डिटेक्शन तक पहुंच प्रदान करना शामिल है। इसमें कोई शक नहीं कि मोबाइल फोन ने मनुष्य की दिनचर्या पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। हमारे ज्यादातर कार्यकलाप 6 इंच के स्मार्टफोन में दर्ज हैं।



## टीवीएस मोटर की कुल बिक्री मई में बढ़कर 3,02,982 इकाई पर

**मुंबई ।**

टीवीएस मोटर कंपनी की मई, 2022 में कुल बिक्री बढ़कर 3,02,982 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल के समान महीने में कंपनी ने कुल 1,66,889 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि मई, 2021 की समान अवधि के दौरान सरकार द्वारा लगे लॉकडाउन की वजह से उसकी बिक्री बुरी तरह प्रभावित हुई थी। इस कारण बिक्री के आंकड़ों की सालाना आधार पर तुलना नहीं की जा सकती। बीते माह कंपनी की दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 2,87,058 इकाई रही, जबकि मई, 2021 में यह आंकड़ा 1,54,416 इकाई था। घरेलू बाजार में पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 1,91,482 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले के समान महीने में कंपनी ने 52,084 इकाइयां बेची थी। कंपनी ने कहा कि सेमीकंडटर आपूर्ति प्रभावित होने से महंगे दोपहिया मॉडलों की उत्पादन और बिक्री प्रभावित हुई है।

# सरकार को घरेलू उड़ानों के अधिकतम किराया सीमा बढ़ाने पर सोचना चाहिए: इंडिगो

**नई दिल्ली ।**
ईंधन की बढ़ती कीमतों को समस्या बताते हुए देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोनोजॉय दत्ता ने सरकार से घरेलू उड़ानों के किराए की अधिकतम सीमा बढ़ाने पर विचार करने का अनुरोध किया है। दत्ता ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय को घरेलू उड़ानों के किराए पर लगाई गई अधिकतम सीमा को अब बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में विमान ईंधन के दामों में आई तेजी को देखते हुए मंत्रालय को इस बारे में विचार करना चाहिए। सरकार ने वर्ष 2020 में सख्त लॉकडाउन के बाद विमानन क्षेत्र को परिचालन की अनुमति देते समय किराए की अधिकतम एवं न्यूनतम सीमा तय कर दी थी। इंडिगो अब इसी सीमा को बढ़ाने की मांग कर रही है। इंडिगो अपनी सेवाओं का विस्तार यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया तक करना चाहती है और इसके मद्देनजर वह कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बिजनेस क्लास भी शुरू कर सकती है। इंडिगो की बड़े आकार वाले विमान खरीने की योजना है। इसके लिए ए321एक्सएलआर विमानों पर गौर किया जा रहा है। इनके वर्ष 2024 तक इंडिगो को मिल जाने की संभावना है। इंडिगो के पास फिलहाल 275 विमानों का बेड़ा है और वे सभी ए320निओस और ए321निओस श्रेणी के विमान हैं जिनमें सिर्फ इकॉनमी क्लास की सीटें ही हैं।



## मई में एमजी मोटर की खुदरा बिक्री बढ़कर दोगुनी हुई

**नई दिल्ली ।**

वाहन विनिर्माता एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को कहा कि मई, 2022 में उसकी खुदरा बिक्री दोगुना होकर 4,008 इकाइयों की रही। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एक साल पहले समान महीने में उसकी बिक्री 1,016 इकाइयों की रही थी। वहीं अप्रैल, 2022 में एमजी ने 2,008 वाहन बेचे थे। एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि मई महीने में उसकी खुदरा बिक्री में दर्ज की गई जोरदार तेजी सेमीकंडक्टर चिप की उपलब्धता में सुधार को दर्शाती है। इसी के साथ कंपनी ने उम्मीद जताई कि आने वाले महीनों में हालात और बेहतर होंगे। कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है लेकिन दुनिया के कुछ हिस्सों में अब भी कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियां रहने से उत्पादन पर असर बरकरार है। एमजी मोटर ने कहा कि वह वैश्विक कोविड लॉकडाउन से उपजी स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और उसके हिसाब से ही अपने कदम तय कर रही है।



## शेयर गिरने से एलआईसी को नुकसान, आईसीआईसीआई बैंक ने पछाड़ा

**मुंबई ।**
आईसीआईसीआई बैंक ने मार्केट कैप के मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को पछाड़ दिया है। आईसीआईसीआई बैंक अब भारत की छठी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों की सूची में एलआईसी का नंबर अब सातवां है। एचडीएफसी लिमिटेड 8वें स्थान पर और भारतीय स्टेट बैंक 9वें स्थान पर है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार के कारोबारी सत्र के अंत में एलआईसी का मार्केट कैप 5,13,273.56 करोड़ था, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 5,22,519 करोड़ रुपये था। 17,81,838.68 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इस लिस्ट में टाटा ग्रुप की कंपनी टीसीएस 12,31,197.61 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ दूसरे नंबर पर है। 7,70,210.88 करोड़ रुपये के मार्केट कैप वाला एचडीएफसी बैंक देश की तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनी है। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस इस लिस्ट में 630,548.64 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ चौथे नंबर पर है। एचडीएफसी लिमिटेड 4,18,509.55 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ 8वें स्थान पर, एसबीआई 4,17,493.33 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ नौवें स्थान पर थी। 3,85,046.03 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ भारती एयरटेल 10वें स्थान पर है। पिछले दिनों बाजार की गिरावट में कोटक महिंद्रा बैंक टॉप 10 की सूची से बाहर हो गया है। कोटक बैंक अब 370,319.26 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ 11वें नंबर पर है। यह डेटा कल तक का है, इसमें हर दिन बदलाव होता है।

## बासमती, गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध की फिलहाल कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली ।**
केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि बासमती और गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने या उनके निर्यात को सीमित करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा चावल की आपूर्ति और कीमतें नियंत्रण में हैं। इससे पहले सरकार ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था और एहतियाती कदम के रूप में चीनी विपणन वर्ष 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी के निर्यात को एक करोड़ टन तक सीमित कर दिया था। इसके बाद खबर आई की चावल के निर्यात को भी नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा किसी भी तरह के चावल के निर्यात को विनियमित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

हमारे गोदामों में और यहां तक कि निजी व्यापारियों के पास भी पर्याप्त भंडार है। घरेलू कीमतें भी अभी नियंत्रण में हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक है। भारत ने 2021-22 में 6.11 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-बासमती चावल का निर्यात किया था। इस दौरान 150 से अधिक देशों को गैर-बासमती चावल का निर्यात किया गया।

# सौरव गांगुली ने नहीं दिया बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा, दादा ने भावुक पोस्ट साझा कर कहा- मैं नई योजना बना रहा हूं



**नयी दिल्ली।(एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को कहा कि क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है। जिसके बाद तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। सौरव गांगुली ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक भावुक पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने क्रिकेट के सफर की शुरुआत से लेकर 2022 तक के सफर का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने अभी तक के सफर के लिए फैंस और साथी खिलाड़ियों का शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने ट्वीट किया कि 1992 में मैंने अपनी यात्रा शुरू की और 2022 मेरे क्रिकेट करियर का 30वां साल है। तब से अब तक क्रिकेट ने मुझे काफी कुछ दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मुझे आप सभी का समर्थन मिला है। मैं हर एक समर्थक का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मेरी इस यात्रा में भागीदारी दी और मुझे वहां पहुंचाया जहां मैं आज हूं। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं एक ऐसी चीज को शुरू करने की योजना बना रहा हूं जिससे मुझे उम्मीद है कि काफी सारे लोगों को फायदा पहुंचेगा। मैं उम्मीद करता हूं कि मेरे जीवन के इस नए अध्याय में आपका साथ मिलेगा।

### क्या सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा ?

सौरव गांगुली का भावुक पोस्ट सामने आने के तुरंत बाद कयास लगाए जाने लगे कि उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

# फ्रेंच ओपन : राफेल नडाल ने जोकोविच को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**पेरिस (एजेंसी)।**

'लाल बजरी के बादशाह' राफेल नडाल ने एक बार फिर रोलां गैरो पर अपनी बादशाहत साबित करते हुए गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच को हराकर पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नडाल ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच को करीब चार घंटे तक चले मुकाबले में 6.2, 4.6, 6.2, 7.6 से मात दी। इसके साथ ही उन्होंने 14वें फ्रेंच ओपन और 22वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम रख दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे लिए एक और जादुई रात थी।' शुक्रवार को 36 वर्ष के होने जा रहे नडाल का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। नडाल और जोकोविच के बीच यह 59वां मुकाबला था और ओपन युग में किन्ही भी दो खिलाड़ियों ने एक दूसरे के खिलाफ इतने मैच नहीं खेले हैं। जोकोविच ने 30 मैच जीते हैं जबकि नडाल को 29 मैचों में जीत मिली है हालांकि फ्रेंच ओपन में नडाल ने आठ और जोकोविच ने दो मैच जीते हैं। अब रोलां गैरो पर नडाल का कैरियर रिकॉर्ड 110.3 है। पिछले साल जोकोविच ने उन्हें सेमीफाइनल में हराया था। ज्वेरेव ने 19 वर्ष के उदीयमान स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज को 6.4, 6.4, 4.6, 7.6 से मात दी। महिला वर्ग में अमरीका की कोको गॉ और इटली की मार्तिना ट्रेविजान पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गई। 18 वर्ष की अमरीकी गॉ ने 2017 चैम्पियन और 2018 उपविजेता स्लोएने स्टीफेंस को 7.5, 6.2 से हराया। वहीं 59वीं रैंकिंग वाली 28 वर्ष की मार्तिना ने अमरीकी ओपन उपविजेता कनाडा की लैला फर्नांडिज को 6.2, 6.7, 6.3 से शिकस्त दी।

# भारतीय हॉकी टीम ने जापान को हराकर एशिया कप में कांस्य जीता

**जकार्ता (एजेंसी)।**

भारत की युवा हॉकी टीम ने जापान को 1-0 से हराकर एशिया कप में कांस्य पदक जीत लिया। दक्षिण कोरिया से 4-4 से ड्रॉ खेलने के बाद गोल अंतर के आधार पर फाइनल में जगह बनाने से चूकी गत चैम्पियन भारतीय टीम के लिए 7वें मिनट में राजकुमार पाल ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने चुस्ती दिखाते हुए जापान को एक भी गोल नहीं करने दिया। भारत ने पहले 5 मिनट में कई हमले बोले लेकिन डी के भीतर उन्हें कामयाबी नहीं मिली। 7वें मिनट में उत्तम सिंह ने जवाबी हमले पर दाहिने फ्लैंक से राजकुमार को गेंद सौंपी जिसने जापानी गोलकीपर तकाशी योशिकावा को छकाकर गोल दाग दिया। तीन मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले



लेकिन गोल नहीं हो सका। पहले क्वार्टर के आखिरी पांच मिनट में जापान ने बराबरी का गोल दागने की बहुत कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति काफी मजबूत दिखी।

# बीसीसीआइ तैयार, महिला इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में, इतनी टीमों की योजना बन रही

**मुबई (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला क्रिकेट का आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने शुरू कर दिए है। इसी क्रम में गवर्निंग काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 2023 में महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूआईपीएल) का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर रूपरेखा पर काम चल रहे हैं। एक न्यूजपेपर में छपी रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई महिला आईपीएल के लिए तैयार हैं। इसके लिए दो विंडो को शॉर्टलिस्ट किया है।



भारतीय बोर्ड ने इसके लिए मार्च 2023 को उपयुक्त समय माना जा रहा था। अगर नहीं तो निश्चित रूप से सितंबर में इसे करवाया जा सकता है। वैसे भी महिला क्रिकेट की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। बीसीसीआई ने आईपीएल के साथ ही टी-20 लीग भी करवाई थी। पुणे के एमसीए स्टेडियम में सुपरनोवा और वेलोसिटी के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को देखने के लिए 8,621 लोग आए थे जो महिला क्रिकेट की लोकप्रियता दिखा रहा है।

रिपोर्ट में यह भी लिखा गया है कि बीसीसीआई ने इस संबंधी ऑस्ट्रेलिया और इंगलैंड के क्रिकेट बोर्ड के साथ भी चर्चा की है। इसी के साथ आईसीसी से भी एक अलग विंडा बनाने के योजना पर बात की है। अनुमान है कि बोर्ड को हर जगह से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। लीग की शुरूआत में छह टीम हो सकती हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स पहले ही महिला फ्रेंचाइजी टीम खरीदने में रुचि दिखा चुके हैं। वहीं, चेन्नई भी इस मामले में एक कदम आगे बढ़ाते हुए लड़कियों की एक अकादमी खोल चुका है।

# इंग्लैंड ओर न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट आज से , रुट बना सकते हैं रिकार्ड

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।**

इंग्लैंड के कप्तान जो रुट न्यूजीलैंड के साथ गुरुवार से यहां लॉर्ड्स में शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। रूट के पास इस मैच में 111 रन पूरे करते ही 10 हजार टेस्ट रन पूरे करने का अवसर है। इसके लिए उन्हें केवल 111 रनों की ही जरूरत है।

रूट ने अब तक 117 टेस्ट मैचों में 49.19 की औसत से कुल 9889 रन बनाए हैं। रूट के नाम टेस्ट में 25 शतक और 53 अर्धशतक हैं। रूट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कुक के बाद दूसरे नंबर पर हैं। अभी तक इंग्लैंड की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के नाम है। कुक ने 161 टेस्ट मैचों में 12472 रन बनाए हैं जिसमें 33 शतक और 57 अर्धशतक शामिल हैं। इस प्रकार रूट दस हजार रन बनाने के साथ ही . इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। वहीं तीसरे नंबर पर ग्राहम गूच हैं जिन्होंने 118 टेस्ट मैचों में 20 शतक और 46 अर्धशतकों की मदद से कुल 8900 रन बनाए हैं।

रूट के 109 रन बनाते ही क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20) में मिलाकर कुल 17000 रन हो जाएंगे। इसके अलावा 3 कैच पकड़ते ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कैचों की संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी। इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी बेन स्टोक्स करेंगे जबकि ब्रेंडन मैकुलम कोच रहेंगे।



# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड के अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में ब्रॉड और एंडरसन शामिल

**लंदन ।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। नये कप्तान बेन स्टोक्स की इस टीम में स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्सन एंडरसन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी हुई है। स्टोक्स की कप्तानी के अलावा इस टेस्ट से ब्रेंडन मैकुलम कोच के तौर पर उतरेंगे। इस टीम में डरहम के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी पहली बार शामिल किया गया है। मैथ्यू इंग्लैंड की ओर से टेस्ट खेलने वाले 704वें खिलाड़ी होंगे। पॉट्स ने काउंटी चैंपियनशिप छह मैच खेलकर 18.57 की औसत से 35 विकेट लिए थे। इसके अलावा तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की जोड़ी की भी वापसी हुई है।

लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड की अंतिम ग्यारह टीम इस प्रकार है =

जैक क्रॉली, एलेक्स लीस, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, बेन फॉक्स, मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन।

# इंग्लैंड के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर पार्क्स नहीं रहे

**लंदन।** इंग्लैंड के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर जिम पार्क्स का निधन हो गया है। वह 90 साल के थे। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्क्स ने साल 1954 से 1968 के बीच इंग्लैंड के लिए 46 टेस्ट खेले हैं। पार्क्स काउंटी टीम ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट खेलते थे। ससेक्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जिम पार्क्स के निधन की जानकारी दी है। पार्क्स ने 18 साल की उम्र में ससेक्स की ओर से खेलना शुरू किया था। अपने करियर में जिम ने 739 फर्स्ट क्लास मैच और 132 लिस्ट ए मैच ससेक्स काउंटी के लिए खेले थे। साल 1954 में उनका चयन एक बल्लेबाज के तौर पर किया गया था। 4 साल बाद जिम ने विकेटकीपिंग भी शुरू की जिसके बाद वे क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर पर जिम लेग ब्रेक गेंदबाज भी थे। ससेक्स के लिए विकेटकीपिंग शुरू करने के 18 महीने बाद उन्हें इंग्लैंड की टीम में जगह मिली। साल1960 के दशक में जिम इंग्लैंड की टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। एक बल्लेबाज के तौर पर जिम ने इंग्लैंड के लिए करीब 2,000 रन बनाए और इस दौरान उनका औसत 32 का रहा। इसमें दो शतकीय पारियां भी शामिल हैं जो वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ थीं। जिम ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 36673 रन बनाए। जिम अपने करियर की शुरुआत में एक लेग ब्रेक गेंदबाज थे। बाद में उन्होंने बल्लेबाज के तौर पर खेलना शुरू किया और विकेट के पीछे कीपिंग में भी अपने जौहर दिखाए।

# होप के शतक से वेस्टइंडीज ने पहले एकदिवसीय में नीदरलैंड को हराया

## सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली

**एसटेलवीन (एजेंसी)।**

शाई होप के शानदार शतक से मेहमान टीम वेस्टइंडीज ने पहले ही एकदिवसीय में मेजबान टीम नीदरलैंड को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही तीन मैचों की इस सीरीज में वेस्टइंडीज टीम 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 7 विकेट पर 240 रन बनाए। इसके बाद बारिश के कारण मेहमान टीम वेस्टइंडीज को जीत के लिए 247 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 43.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाकर मैच जीत लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए विंडीज की ओर से होप और शामराह ब्रूक्स ने पारी शुरु की। दोने ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। ब्रूक्स ने 67 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। क्रूमाह बोनर शून्य पर ही आउट हो गये जबकि पूरन ने 7 रन बनाये।

पूरन के आउट होने के बाद होप ने ब्रेंडन किंग के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। होप और किंग ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 116 रन बनाये। होप ने 130 गेंदों पर नाबाद 119 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 12 चौके और 2 छक्के लगाए वहीं किंग ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 51 गेंदों पर 5 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 7 विकेट पर 240 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से काइल मायर्स और अकील हुसैन ने दो दो विकेट लिए। वहीं नीदरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह ने 47 जबकि तेजा निदानामारु ने नाबाद 58 रन बनाए जबकि ओपनर मैक्स ओदोद ने 69 गेंदों पर 39 रन बनाये।

# नॉर्वे शतरंज – आनंद नें मकसीम लागरेव को हराकर की शानदार शुरुआत

**स्टावंगर, नॉर्वे।** विश्व के सबसे कठिन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट माने जाने वाले नॉर्वे शतरंज के 10वे संस्करण में भारत के 5 बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद नें ब्लिट्ज़ मुकाबलों मे किए अपने शानदार प्रदर्शन को क्लासिकल शतरंज में भी जारी रखते हुए पहले दिन शानदार अंदाज में जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की है । पहले राउंड में आनंद नें वर्तमान विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियन फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव को सफ़ेद मोहरो से पराजित किया । सिसिलियन ओपेनिंग में आनंद नें खेल के मध्य से एक प्यादे की बढ़त बना ली थी और अंत में अपने हाथी और ऊंट के तालमेल से मकसीम को 42 चालों में हार मानने पर विवश कर दिया । आनंद के अलावा पहले दिन यूएसए के वेसली सो भी जीतने में सफल रहे और उन्होने अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव को पराजित किया । सीधी जीत दर्ज करने के कारण आनंद और सो को 3 अंक हासिल हुए और दोनों सयुंक्त बढ़त पर है । अन्य मुकाबलों में नॉर्वे के मेगनस कार्लसन ,नीदरलैंड के अनीश गिरि और अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव क्रमशः चीन के वांग हाउ ,बुल्गारिया के वेसेलीन टोपालोव और नॉर्वे के आर्यन तारी से क्लासिकल मैच ड्रॉ खेलने के बाद टाईब्रेक में जीतने में सफल रहे और उन्हे इसके बाद 1.5 अंक तो विरोधियों को 1 अंक मिला । दूसरे राउंड में आनंद का मुक़ाबला वेसेलीन टोपालोव से होगा ।



# पीटरसन की आईपीएल टीम में राशिद और कार्तिक को नहीं मिली जगह

**लंदन (एजेंसी)।**

सचिन तेंदुलकर और वसीम जाफर के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी अपनी पसंदीदा आईपीएल टीम घोषित की है। पीटरसन ने अपनी इस टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या को दी है , टीम में पांच विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस टीम में खिताब विजेता गुजरात टाइटंस के तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले दिनेश कार्तिक और राशिद खान को इस टीम में जगह नहीं मिली है।

पीटरसन की इस टीम में अधिकतर टीमों के खिलाड़ी शामिल हैं पर राशिद ओर कार्तिक को जगह नहीं दी जबकि आईपीएल के इस 15 वें सत्र में राशिद ने गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी अच्छा शानदार प्रदर्शन किया। वह अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज रहे। उन्होंने कई बार अच्छी पारियां खेलते हुए टीम को जीत भी दिलाई। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी फिनिशर के तौर पर खेलते हुए 16 मैचों में 330 रन बनाए।

पीटरसन ने कई टीमों के खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है। उनकी इस टीम में जोस बटलर, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), लोकेश राहुल, हार्दिक पंड्या (कप्तान) , लियाम



लिविंगस्टोन, डेविड मिलर, रविचंद्रन अश्विन, राहुल तेवतिया, उमरान मलिक युजवेंद्र चहल और जोस हेजलवुड को शामिल किया है।

# बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद से भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम स्विटजरलैंड रवाना

## चार और पांच जून को खेला जाएगा हॉकी फाइव टूर्नामेंट

**बेंगलुरू (एजेंसी)।**

भारतीय पुरूष और महिला टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के पहले हॉकी फाइव टूर्नामेंट खेलने स्विटजरलैंड रवाना हो गयी हैं। भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग में जहां मलेशिया, पाकिस्तान, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलना है। वहीं महिला वर्ग में टीम दक्षिण अफ्रीका, उरूग्वे, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलेगी। यह टूर्नामेंट चार और पांच जून को खेला जाएगा।

रजनी ई की कप्तानी में भारतीय महिला टीम चार जून को उरूग्वे से पहला मैच खेलेगी, इसके बाद उसी दिन वह पोलैंड से खेलेगी। पांच जून को स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से उसका सामना होगा। रजनी ने कहा, 'हॉकी फाइव अलग तरह का प्रारूप है। इसमें हमारी रफ्तार और कौशल की परीक्षा होगी और यह काफी चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही रोमांचक रहेगा।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो इस प्रारूप के बारे में जानते हैं। हमारी तैयारी अच्छी रही है और हम इसमें अच्छे प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे।' वहीं दूसरी ओर पुरुष टीम गुरिंदर सिंह की कप्तानी में उतरेगी। पुरूष टीम को पहला मैच स्विटजरलैंड से जबकि दूसरा पाकिस्तान से खेलना है। इसके बाद वह पांच जून को मलेशिया और पोलैंड से खेलेगी। गुरिंदर ने कहा, 'यह काफी तेज रफ्तार का प्रारुहै। हमारे भी कई युवा खिलाड़ियों ने पहले ही इसमें खेला है , इसलिए हमें इसमें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।'



# राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए 4 सदस्यीय महिला टेबल टेनिस टीम घोषित

**बेंगलुरु ।** आगामी राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए चार सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गयी है। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चुने गए खिलाड़ियों को प्रमुख यूरोपीय टीम के साथ साझेदारी में एक अनुकूलन शिविर में भाग लेने का मौका मिलेगा। महिलाओं में अर्चना कामत, मनिका बत्रा (39वीं रैंकिंग) के बाद 66वीं रैंकिंग के साथ दूसरी सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन वह मौजूदा चयन मानदंडों के अनुसार टॉप-4 में शामिल नहीं थी, जो घरेलू प्रदर्शन पर भी आधारित है।

महिला टीम में जिन खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। वे हैं मनिका बत्रा , अर्चना कामत, श्रीजा अकुला (रैंकिंग 69), रीथ ऋषि (100) के अलावा दीया चितले (129) को स्टैंडबाई के रूप में रखा गया है। वहीं इस टीम में अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया है। टीम को अभी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से मंजूरी मिलनी बाकि है क्योंकि अर्चना को मौजूदा मानदंडों को पूरा नहीं करने के बाद भी टीम में शामिल किया गया है।

# बाइक राइडिंग का रखते हैं शौंक तो बेस्ट हैं ये जगहें!



अगर आप भी काम करते-करते थक गए हैं और बाइंकिग का भी शौंक रखते हैं तो और किसी छोटे वेकेशन की प्लानिंग कर रहे हैं तो निकल जाएं इन शानदार सड़कों के सफर पर। जहां ऊंचे पहाड़, गहरे झरने खूबसूरत हरे-भरे जंगल आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए अच्छी है जो कि बाइक राइडिंग के शौकीन हैं। यहां पर आप कुदरती नजारों, पहाड़ों, झरनों का भी मजा ले सकते हैं। आइए जानते है उन जगहों के बारे में....



### 1. लेह, लद्दाख

चारो तरफ पहाड़ों से घिरे इस रूट पर ड्राइविंग का अपना एक अलग ही मजा आता है। ऊंचे पहाड़ों के बीच से निकलता खारदूंगला रोड, जो दुनिया भर में अपनी ऊंचाई के लिए जाना जाता है पर घूमने का अलग ही मजा है। इसके अलावा यहां का मैग्नेरटिक रोड खासतौर से मशहूर है। यहां पर टूरिस्ट अप्रैल से अगस्त तक बाइक राइडिंग करने के लिए आते हैं।

### 2.स्पीति वैली, हिमाचल

लद्दाख से थोड़ी ही दूर हिमाचल की स्पीति वैली हैं। बाइक से स्पीती वैली तक पहुंचने के लिए काजा, टैबो, स्पीती और पीन वैली जैसी कई खूबसूरत जगहें देखने को मिलती हैं। यहां पर सड़कों के किनारे सेब, खूबानी के पेड़ और सतलुज नदी की खूबसूरती के साथ प्राचीन मंदिरों को भी देख सकते है।

### 3.वालपराई और वाझाचल फॉरेस्ट

बाइक राइडिंग के लिए यह सबसे बेस्ट रूट है। यहां राइडिंग के दौरान घने, हरे-भरे जंगल और कई सारे छोटे-छोटे वाटर फॉल्स का नजारा देखने को मिलता है।।

### 4.गोवा, मुंबई

इंडिया के बिजनेस कैपिटल मुंबई से गोवा तक बाइक से सफर करना भी काफी मजेदार है। अमेरिका के 101 हाइवे से काफी मिलती-जुलती इस सड़क को इंडिया में बेस्ट कोस्टल राइडिंग के लिए जाना जाता है।

### 5.वेस्टर्न, अरुणाचल प्रदेश

हिमालय की ऊंची चोटियों को राइडिंग के वक्त देखना बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस होता है। हालांकि यहां सड़कों की कमी है जिसके चलते ऊंचे-नीचे पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है। सफर के दौरान बर्फ से ढ़की सड़कें, ट्राइबल कल्चर और उनकी अलग सी लाइफस्टाइल को कैमरे में आसानी से कैद किया जा सकता है।

### 6. जैसलमेर, जयपुर

दोनों तरफ रेगिस्तारन और बीच में हाईवे का सफर में आपको राजस्थाानी कल्चर देखने के कई मौके मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में जोधपुर, ओसियां, पोकरन जैसे स्टॉकपेज आते हैं जो आपकी सैर को और भी मजेदार बनाएंगे।





**एलीफेंट बीच अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबर बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है।**

# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर करनी है तो जाएं अंडमान-निकोबार









### साफ-सुंदर बीच

पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनान बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूब डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें।

### एलीफेंट बीच

यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है।

### राधानगर बीच

हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगज़ीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

### विजयनगर बीच

यह बीच भी अंडमान के बेस्ट बीचों में से एक है जो सैलानियों के बीच बहुत पॉप्युलर है। यहां का पानी बहुत साफ है और वातावरण स्वच्छ और सुंदर। यहां आप स्वीमिंगस बोटिंग, सर्फिंग और फोटोग्राफी का मज़ा ले सकते हैं। अंडमान के बीच फिलहाल अन्य जगहों के बीचों से साफ और सुंदर है, तो आप यदि कुदरत की गोद में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो अगली छुट्टी अंडमान में बिताएं।

### काला पत्थर बीच

यह बीच भी बहुत सुंदर और शांत है। परिवार के साथ सुकून भरे तो पल बिताने वालों के लिए यह परफेक्ट जगह है। यहां की रेत चांदी की तरह चमकती है। इस बीच पर आप सनबाथ का मज़ा ले सकते हैं।

### बेस्ट टाइम

572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सिंतबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे।

# मलेशिया है बेहद ही खूबसूरत, बिताए गर्मियों की छुट्टियां



**मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कदम रखते ही मुझे लगा कि मैं यूरोप, आस्ट्रेलिया या अमेरिका जैसे किसी विकसित देश की धरती पर खड़ी हूं। क्रोम और शीशे से बना यह हवाई अड्डा विश्व के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में एक है। चमकते हुए ग्रेनाइट के फर्श, नवीनतम तकनीक से लैस सभी सुविधाएं तथा ड्यूटीफ्री सामानों से भरी चमचमाती हुई दुकानें यहां आने वाले हर पर्यटक को सहज ही प्रभावित कर लेती हैं। मुझे लगा कि जब इतने ही दिनों में मलेशिया इतनी तरक्की कर सकता है तो हम क्यों नहीं? पर इस प्रश्न का जवाब सोचने से पहले ही मुझे पता लगा कि क्वालालम्पुर से पिनांग जाना है और वहां पहुंचने के लिए लगभग 40 मिनट की उड़ान फिर भरनी है। अभी भारतीय समय के अनुसार सुबह के पांच बजे थे, पर हवाई अड्डे की घड़ी सुबह साढ़े सात का समय दिखा रही थी यानी मलेशिया व भारत के समय में ढाई घंटे का अंतर था। मैंने स्थानीय समय के अनुसार अपनी घड़ी मिलाई और पिनांग जाने वाले विमान में बैठ गई।**



### सुपारी के पेड़ों वाला द्वीप

मलेशिया पर्यटन विभाग की ओर से गए हम आठ लोग थे जिनका स्वागत बहुत ही गर्मजोशी से पिनांग हवाई अड्डे पर टूर गाइड लेना व एडी ने किया। हवाई अड्डे से अपने होटल मुतियारा बीच रिसोर्ट तक जाते हुए लेना व एडी ने हमें पिनांग के बारे में तमाम जानकारियां दीं। पिनांग की खूबसूरती की एक झलक हमें रास्ते में ही मिल गई। हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा पिनांग एक द्वीप है जिसका आकार एक तैरते हुए कछुए की तरह है। पिनांग की खूबसूरती से प्रभावित होकर ही ब्रिटिश रचनाकार सॉमरसेट मॉम ने लिखा था, यदि किसी ने पिनांग नहीं देखा, तो उसने संसार नहीं देखा। मुझे भी यहां आकर लगा कि मॉम ने कुछ गलत नहीं लिखा है। पूर्वी देशों के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है पिनांग, जिसका नाम इस द्वीप पर बहुतायत से पाए जाने वाले सुपारी के पेड़ों के कारण पड़ा। मलय भाषा में पिनांग पान की सुपारी को कहते हैं। पूरब का मोती कहा जाने वाला यह द्वीप 1786 में सुदूर पूर्वी देशों में ब्रिटिश राज्य का पहला व्यापारिक केंद्र बना, पर आज यह पूरब और पश्चिम के मिलन का एक आकर्षक बिंदु है। चूंकि विश्व के लगभग सभी देशों से पर्यटक यहां वर्ष भर आते रहते हैं, अतः यहां की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्त्रोत पर्यटन है। पर्यटन संबंधी सुविधाएं यहां बहुत विकसित हैं और कई अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का विकास भी काफी अच्छा है।

### असर चीनी संस्कृति का

कई वर्षो तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहने के कारण यहां की पुरानी इमारतों में ब्रिटिश स्थापत्य की झलक दिखती है। साथ ही चीनी संस्कृति का प्रभाव आज भी यहां के लोगों पर देखा जाता है। लेना व एडी ने चीनियों द्वारा बनाए गए कुआन यिन तेंग, वाट चैया मांगकालाराम तथा अन्य बौद्ध मंदिरों को दिखाते हुए बताया कि पिनांग की राजधानी जॉज टाउन में चीनियों द्वारा बनाए गए ऐसे कई बौद्ध मंदिर हैं, जहां एक विशेष जाति के चीनी लोग विभिन्न त्योहार मनाने के लिए आज भी इकट्ठे होते हैं। इन मंदिरों पर बनी अत्यंत महीन चीनी पेंटिंग व लकड़ी की नक्काशी से सजे पैनल इस देश के कलाकारों की प्रतिभा का परिचय देते हैं। थाईलैंड की स्थापत्य कला से प्रभावित वाट चैया मांगकालाराम मंदिर में भगवान बुद्ध की लेटने की मुद्रा में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### एक अनुभव अनोखा सा

मीलों तक फैले रेतीले मैदान व नारियल के पेड़ों की कतारों से सजे पिनांग के समुद्र तट विदेशी पर्यटकों को वर्षो से आकर्षित करते आ रहे हैं। दो दिन की पिनांग यात्रा के दौरान लेना व एडी हमें यहां के लगभग सभी दर्शनीय स्थलों पर ले गए, हमने स्थानीय भोजन का स्वाद लिया और बटरवर्थ तथा पिनांग के द्वीप के बीच चलने वाली फेरी में बैठकर द्वीप के चारों ओर फैले नीले पानी की सैर की। इस फेरी में लगभग 100 से अधिक गाड़ियां लोड की जा सकती हैं और 20-25 मिनट में समुद्र के जरिये अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे आप पिनांग द्वीप तक आ-जा सकते हैं। यह मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। चीन, ब्रिटेन, थाईलैंड, बर्मा आदि देशों से प्रभावित पिनांग के इतिहास की जानकारी लेते और यहां के शौकीन व बहुत ही मिलनसार लोगों की यादें दिल में लेकर हम पिनांग ब्रिज से होते हुए क्वालालम्पुर की ओर चल दिए। यह ब्रिज पिनांग द्वीप व मलेशिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाला विश्व का तीसरा सबसे लंबा ब्रिज है। यहां इस ब्रिज से जाते हुए पिनांग द्वीप की आखिरी झलक हमें मिल रही थी।

### ऐतिहासिक इमारतों के शहर में

क्वालालम्पुर जाते हुए हम मलेशिया के एक और राज्य पेराक से गुजरे जिसका मलय भाषा में अर्थ है चांदी। इस राज्य का यह नाम यहां पाई जाने वाली टिन की खानों के कारण पड़ा जिसका पेराक के इतिहास और अर्थव्यवस्था पर काफी गहरा प्रभाव रहा। पेराक की राजधानी ईपोह भी साफ सुथरे पार्क, चैड़ी सड़कों व आकर्षक ऐतिहासिक इमारतों के कारण दर्शनीय है। क्वाला कांगसार पेराक का शाही शहर है और यहां की प्राचीन खूबसूरत इमारतों में उबूदिहाह मसजिद व इस्कंदारियाह महल खास हैं। उबूदियाह मसजिद का निर्माण पेराक के 28वें सुलतान इदरीस मुर्शिदुल अदजाम शाह प्रथम के जमाने में शुरू हुआ पर इसके पूरा होने में काफी अड़चनें आई। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हाथियों द्वारा यहां के इटैलियन मार्बल के फर्शो को तोड़ दिया गया और इसका उद्घाटन 1917 में हो सका। लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना रबर का पेड़ भी क्वाला कांगसार में दर्शनीय है। इसके अलावा पेराक की लाइमस्टोन गुफाएं और उनमें बौद्ध चित्रकला व बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी देखने लायक हैं। लेटे हुए भगवान बुद्ध की 24 मीटर लंबी प्रतिमा के दर्शन करने हों, जो मलेशिया में सबसे लंबी प्रतिभा है, तो थाई बौद्ध मंदिर मेकप्रसित जाएं। यह ईपोह से तीन किलोमीटर उत्तर की ओर है। परिवार सहित आने वाले पर्यटकों के लिए आधुनिक राइड व झूलों से लैस बुकिट मेराह थीम पार्क भी यहां है, जो 600 हेक्टेयर में फैले लेक टाउन रिसोर्ट का एक हिस्सा है। पेराक टांग, सैम पोह टांग, शाही मसजिद, जैपनीज गार्डन, दारुल रिदजुआन संग्रहालय, ताम्बुन, सुंगकाई हिरण फार्म, क्वाला वोह जंगल पार्क, लता इस्कंदर वाटर फॉल आदि भी परोक के मुख्य दर्शनीय स्थलों में से हैं।

### रोशनी के बाग में

क्वालालम्पुर देखने की उत्सुकता ने हमें चैथे दिन मलेशिया की राजधानी पहुंचा दिया। गार्डन सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले अपने शहर को यहां के लोग प्यार से केएल कहते हैं। 88 मंजिलों वाले विश्व के सबसे ऊंचे फ्री स्टैंडिंग टॉवर्स पेट्रोनाज ट्विन टॉवर्स क्वालालम्पुर में प्रवेश करते ही दिखने लगते हैं। इस्लाम के पांच स्तंभों से प्रेरित यह इमारत मलेशिया की पहचान है। रात को ये टॉवर्स इतने खूबसूरत दिखते हैं कि इनकी ओर से आंखें हटाने की इच्छा नहीं होती। क्वालालम्पुर सिटी सेंटर के बीचोंबीच निर्मित पेट्रोनाज टॉवर्स मलय व आधुनिक आर्किटेक्चर का बेमिसाल नमूना है। इसके भीतर पेट्रोनाज फिलहारमोनिक हॉल है तथा पेट्रोनाज परफॉर्मिंग आर्ट्स ग्रुप भी। क्वालालम्पुर में हमने विश्व की चैथी सबसे लंबी (421 मीटर) तथा एशिया की सबसे ऊंची मीनार क्वालालम्पुर भी देखी, जिसके भीतर जाकर ऑब्जर्वेटरी डेक से आप पूरे क्वालालम्पुर तथा क्लैंग वैली का नजारा देख सकते हैं। यहां के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में कई तरह के स्वादिष्ट भोजन का मजा लेते हुए आप क्वालालम्पुर की एक-एक इमारत, पार्क, संग्रहालय व घर आदि दूरबीन से देख सकते हैं। क्वालालम्पुर टॉवर दूरसंचार नेटवर्क, रेडियो व टीवी स्टेशन की ट्रांसमिशन टॉवर भी है।



क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मैक्सिको में तूफान 'अगाथा' का कहर, 10 लोगों की मौत, 20 लापता

**सैन इसिद्रो डेल पालमार (मैक्सिको).** दक्षिणी मेक्सिको में तूफान 'अगाथा' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग अब भी लापता



हैं। दक्षिणी शहर ओक्साका के गवर्नर ने यह जानकारी दी।

ओक्साका के गवर्नर एलेजांद्रो मूरात ने बताया कि बाढ़ के कारण कई मकान बह गए, जबकि कई लोग दलदल और चट्टानों के मलबे में दब गए। मूरात ने स्थानीय मीडिया से कहा, '' लोगों की मौत बाढ़ और भूस्खलन होने के कारण हुई।'' उन्होंने बताया कि जान गंवाने वाले अधिकतर लोग पहाड़ी इलाकों के कई छोटे शहरों से थे, जबकि हुआतुल्को के रिज़ॉर्ट के पास तीन बच्चों के लापता होने की खबर भी है। 'अगाथा' के प्रभाव के चलते 105 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हालांकि, अब वह कमजोर पड़ गया और मंगलवार को वेराक्रूज़ राज्य की ओर बढ़ गया।

## ज्यादा तनाव से कोविड, इन्फ्लूएंजा से शरीर के लड़ने की क्षमता हो सकती है प्रभावित

**वाशिंगटन.** ज्यादा तनाव की वजह से कई तरह के संक्रमण खास कर कोविड-19 से लड़ने में शरीर की क्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है और मृत्यु की आशंका भी बढ़ जाती है। चूहों पर किए गए एक अध्ययन में यह परिणाम सामने आया है।

शोध पत्रिका 'नेचर' में सोमवार को प्रकाशित अध्ययन में यह दिखाया गया है कि ज्यादा तनाव के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण या इन्फ्लूएंजा के दौरान मष्तिष्क का कौन सा हिस्सा शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को नियंत्रित करता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ज्यादा तनाव की वजह से पारावेंट्रीकुलर हाइपोथैलामस नामक क्षेत्र के न्यूरॉन तुरंत हरकत में आते हैं और श्वेत रक्त कोशिकाएं या ल्यूकोसाइट्स का लिम्फ नोड्स से रक्त और अस्थि मज्जा तक प्रवाह बढ़ जाता है।

इसके घटने से कोविड संक्रमण और इन्फ्लूएंजा की स्थिति में शरीर संक्रमण से लड़ने में कमजोर हो जाता है तथा जटिलताएं और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। आईकन स्कूल ऑफ मेडिसिन, माउंट सिनाई, अमेरिका के फिलिप के स्विरस्की ने कहा, ''इस शोध कार्य से हमें पता चला कि तनाव का हमारे प्रतिरक्षा तंत्र और संक्रमण से लड़ने की हमारी क्षमता पर बड़ा असर पड़ता है।'' स्विरस्की ने एक बयान में कहा, ''यह दिखाता है कि किस तरह सामाजिक आर्थिक कारक, जीवन शैली और वातावरण नियंत्रित करें ताकि हमारा शरीर संक्रमण के खिलाफ बचाव कर पाए।'' मस्तिष्क को प्रतिरक्षा प्रणाली से जोड़ने वाली खोज इस बात की बेहतर समझ प्रदान करती है कि तनाव वायरस के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को कैसे प्रभावित करता है और क्यों कुछ लोग गंभीर बीमारी और बदतर परिणामों के लिए अतिसंवेदनशील हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने शांतचित्त और तनाव के शिकार कुछ चूहों पर अध्ययन किया और उनके प्रतिरक्षा तंत्र का विश्लेषण किया। अध्ययन के दौरान देखा गया कि तनाव के शिकार चूहों की प्रतिरक्षा में बड़ा बदलाव आया। शोधकर्ता यह देखना चाहते थे कि तनाव के दौरान शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक प्रतिरक्षा कोशिकाओं का प्रवाह किस तरह होता है। कोविड, इन्फ्लूएंजा से संक्रमित चूहों पर भी इसका अध्ययन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि संक्रमित चूहे कमजोर हो गए और उनकी प्रतिरक्षा भी घट गई तथा मृत्यु का खतरा बढ़ गया।

## चीन का दावा, वह अभी भी भारत का शीर्ष व्यापार भागीदार

**बीजिंग.** चीन ने मंगलवार को दावा किया है कि वह अपने आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में अभी भी भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।उसने अमेरिका के शीर्ष व्यापार भागीदार होने की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि इसका कारण भारत और चीन की व्यापार मात्रा की गणना के लिये अपनाये गये विभिन्न तरीकों में 'अंतर' का होना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवादाताओं से कहा कि चीनी सक्षम प्राधिकरणों के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में चीन और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 125.66 अरब डॉलर का रहा। उनसे 2021-22 में अमेरिका द्वारा चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार बनने की रिपोर्ट के बारे में पूछा गया था।

# ब्रिटेन में मंकीपॉक्स से बचने के लिए नये दिशानिर्देश, संक्रमितों को दूरी बनाने की सलाह

**लंदन.** ब्रिटेन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को ताजा दिशानिर्देशों में कहा कि जिस किसी व्यक्ति में लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उसे संबंध बनाने से दूर रहना चाहिए ताकि मंकीपॉक्स के संक्रमण पर रोक लगाई जा सके। इसमें एहतियात के तौर पर संक्रमण के बाद आठ सप्ताह तक कंडोम का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

देश में इस हफ्ते इस संक्रमण के 71 नये मामले मिलने के बाद ब्रिटेन स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने स्कॉटलैंड, उत्तरी आयरलैंड और वेल्स के प्रशासन के साथ मिलकर यह दिशानिर्देश जारी किया है।

ब्रिटेन में मंकीपॉक्स से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 179 हो गई है। दिशानिर्देश में मंकीपॉक्स वाले लोगों से आग्रह किया गया है कि जब तक उनके घाव ठीक न हो जाएं, तब तक वे दूसरों के साथ निकट संपर्क में आने से बचें।




वेल्स में जन स्वास्थ्य संरक्षण निदेशक, भारतीय मूल के डॉ गिरि शंकर ने कहा, ''हम लोगों को आश्वस्त कर रहे हैं कि आम तौर पर मंकीपॉक्स आसानी से नहीं फैलता है, इसलिए आम जनता को इससे कम खतरा है।'

' जांच में जिन लोगों के मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, उनके करीबी संपर्क में रहने वाले लोगों को 21 दिनों के लिए घर पर अलग-थलग रहने के लिए कहा गया है।

ऐसे लोगों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी नये चकत्ते या घाव पर नजर रखें, जो उनके शरीर के किसी भी हिस्से पर धब्बे, अल्सर या छाले की तरह दिखाई दे सकते हैं।

ताजा दिशानिर्देश में कहा गया है कि वर्तमान में इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मंकीपॉक्स 'यौन द्रव्य' के माध्यम से फैल सकता है, लेकिन जिन लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है उन्हें एहतियात के तौर पर संक्रमण होने के बाद आठ सप्ताह तक कंडोम का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यूकेएचएसए ने कहा कि हालांकि यह सलाह सभी पर लागू होती है, लेकिन अब तक संक्रमण के अधिकांश मामले समलैंगिक और उभयलिंगी पुरुषों में मिले हैं।

## मंकीपॉक्स: स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतराष्ट्रीय यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को मंगलवार को अफ्रीकी जंगली जंतुओं का मांस खाने या पकाने, या अफ्रीका के जंगली जानवरों से बने क्रीम, लोशन और पाउडर जैसे उत्पादों का उपयोग करने से दूर रहने का परामर्श दिया। मंत्रालय ने इसके अलावा, त्वचा पर घाव वाले या गुप्तांगों में घाव वाले बीमार लोगों के नजदीक जाने से बचने का भी परामर्श दिया।

'मंकीपॉक्स रोग के प्रबंधन पर दिशानिर्देश' राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए एक परामर्श शामिल किया गया है। इसमें यह सुझाव दिया गया है कि इन यात्रियों को मृत या जीवित चूहे, गिलहरी तथा बंदर सहित छोटे स्तनपायी जंतुओं के करीब जाने से बचना चाहिए। इसने बीमार लोगों द्वारा इस्तेमाल किये गये कपड़े, बिस्तर या स्वास्थ्य संस्थानों में उपयोग की गई सामग्री या संक्रमित जंतुओं के संपर्क में आये लोगों से दूर रहने की सलाह दी है।

परामर्श में कहा गया है कि उन्हें सतर्क रहना चाहिए खासतौर पर उन देशों से आने वालों को जहां मंकीपॉक्स के मामले सामने आये हैं।

# Ukraine Russia War: जो बाइडेन का बड़ा एलान, यूक्रेन को 'उन्नत राकेट सिस्टम' देगा अमेरिका

**Ukraine Russia War यूक्रेन-रूस के बीच एक महीने से भी अधिक समय से जंग जारी है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को उन्नत राकेट सिस्टम प्रदान करेगा।**

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। बाइडेन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन को प्रमुख लक्ष्यों पर हमला करने के लिए उन्नत राकेट सिस्टम प्रदान करेगा। सीएनएन ने बताया कि न्यूयार्क टाइम्स के एक ऑप-एड में लिखते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी लक्ष्य एक लोकतांत्रिक, स्वतंत्र, संप्रभु और समृद्ध यूक्रेन को आगे की आक्रामकता के खिलाफ खुद को रोकने और बचाव करने के साधनों के साथ देखना है। उन्होंने कहा कि हथियारों की नई खेप यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर अधिक सटीक प्रहार करने में सक्षम होगी।

इस बीच, प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका बुधवार (स्थानीय समय) को यूक्रेन के



लिए 11वें सुरक्षा सहायता पैकेज का अनावरण करेगा, जिसमें हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (HIMARS) शामिल होगा।

**यूक्रेन को 700 मिलियन अमेरिकी डालर का पैकेज**

एक अधिकारी ने बताया, कल हम राष्ट्रपति के ड्राडाउन अथारिटी के तहत सुरक्षा सहायता के 11वें पैकेज की घोषणा करेंगे। उस पैकेज में लंबी दूरी की प्रणालियां, विशेष रूप से HIMARS और युद्ध-पोत शामिल होंगे जो यूक्रेनियन को युद्ध के मैदान पर अधिक सटीक रूप से लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम बनाएंगे। अधिकारी ने कहा कि पैकेज की कीमत 700 मिलियन अमेरिकी डालर है।

**नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं चाहते अमेरिका**

अधिकारी के मुताबिक, अमेरिका नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं देखना चाहता है। वह चाहता है कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का दूसरा उद्देश्य यह है कि हम नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं चाहते हैं। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि हम अमेरिकी सैनिकों को भेजकर या रूसी सेना पर हमला करके सीधे इस युद्ध में शामिल नहीं होना चाहते हैं।

**हम युद्ध को जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं**

अधिकारी ने कहा, हम रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं।

बता दें कि 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया, जब डोनेट्स्क और लुहान्स्क (Donetsk and Luhansk) के अलग-अलग गणराज्यों ने यूक्रेनी सैनिकों द्वारा तीव्र हमलों से उन्हें बचाने के लिए मदद का अनुरोध किया।

## पाक और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन, अफगानिस्तान तथा व्यापार पर की चर्चा

**लंदन.** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष शहबाज शरीफ से द्विपक्षीय व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की है। शरीफ के पिछले महीने प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार दोनों नेताओं की बातचीत हुई। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत सोमवार शाम को हुई जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर केंद्रित रही।



पाकिस्तान में ब्रिटेन के नये व्यापार दूत की भूमिका के संबंध में भी दोनों प्रधानमंत्रियों ने चर्चा की। जॉनसन ने काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगान लोगों को ब्रिटेन भेजने में मदद के लिए पाकिस्तान को धन्यवाद दिया।

डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता के अनुसार दोनों नेता पिछले 75 साल के संबंधों को और मजबूत बनाने और व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने यूक्रेन में संकट को दूर करने के लिए ब्रिटेन के प्रयासों की सराहना की। बाद में शरीफ ने ट्वीट किया, ''धन्यवाद प्रधानमंत्री। हमारे उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर आपसे बातचीत कर मुझे बहुत अच्छा लगा।''उन्होंने लिखा, ''मेरी सरकार व्यापार, वाणिज्य, संस्कृति, निवेश और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नये सहयोग के जरिये ब्रिटेन के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की इच्छुक है।

# चीन में एक व्यक्ति ने तोड़ा प्रोटोकॉल तो 5000 लोग क्वारंटीन, इन देशों में भी भय बरकरार

**विदेश.**चीन में कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करने की सजा पांच हजार लोगों को मिली है। बीजिंग में एक 40 वर्षीय व्यक्ति संक्रमित होने के बाद भी निर्देशों का उल्लंघन करता रहा। इसका नतीजा ये है कि प्रशासन ने अब उसके घर के आसपास रहने वाले पांच हजार लोगों को सुरक्षा के लिहाज से क्वारंटीन कर दिया है। वहीं व्यक्ति के 258 पड़ोसियों को सरकारी क्वारंटीन केंद्र भेज दिया गया है।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अधिकारियों के अनुसार व्यक्ति के ऊपर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 23 मई को ये व्यक्ति शॉपिंग मार्ट में घुस गया था जहां से संक्रमण के फैलने की संभावना जताई जा रही थी। ऐहतियात के तौर प्रशासन ने उसे



खुद को आइसोलेट रहने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद भी वो घूमता रहा। पांच दिन बाद व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इसी के बाद प्रशासन ने व्यक्ति के घर के आसपास रहने वाले लोगों को क्वारंटीन कर दिया है।

**दुनिया के दूसरे देशों में भय बरकरार**

**अमेरिका.**सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) का लोगों से महामारी की धीमी गति के बीच भी मास्क पहनने निर्देश है। संक्रमण के लक्षण दिखने के दस दिन बाद तक किसी हालत में यात्रा न करने की सलाह दी है।

**फ्रांस:** विदेश से आने वाले लोगों को यात्रा शुरू करने से पहले कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट जरूरी है। पूर्ण टीकाकरण का प्रमाण पत्र अनिवार्य टीका न लगवाने वाले जो लोग फ्रांस जा रहे हैं उनकी एयरपोर्ट पर ही जांच हो रही है।

**जापान:** मोबाइल में माईएसओएस अनिवार्य है। एप से जापान की सरकार व्यक्ति की लोकेशन, उसके स्वास्थ्य की स्थिति जैसी सामान्य जानकारियों की निगरानी की जाती है।

विदेश से आने पर निगेटिव रिपोर्ट जरूरी जो 72 घंटे से पुरानी नहीं होनी चाहिए।

**ब्रिटेन:** टीकाकरण जरूरी है। दफ्तरों में बैठक खुले स्थान या हवादार जगह पर करने का निर्देश है। भीड़भाड़ वाले स्थान पर मास्क पहनने की सलाह दी गई है। लक्षण आने पर खुद को क्वारंटीन करने और एनएचएस को सूचना देने का निर्देश है।

# Russia Ukraine War: रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच कनाडा का एक्शन, रूसी वित्तीय क्षेत्र पर लगाए नए प्रतिबंध

**ओटावा.** रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए 90 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच अब तक कोई सुलह नहीं हो पाई है। दुनिया भर के कई मुल्क रूस पर लगातार प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच कनाडा ने रूस पर एक और प्रतिबंध लगा दिया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने मंगलवार को घोषणा करते हुए बताया कि कनाडा रूस के वित्तीय क्षेत्र पर नए प्रतिबंध लगा रहा है।

**प्रेस रिलीज जारी कर किया एलान**

एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि नए आदेश के तहत रूस के 22 व्यक्तियों और 4 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाएं हैं। इसमें रूसी वित्तीय संस्थानों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ



प्रमुख वित्तीय संस्थानों और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

**एक हजार से अधिक पर लगाया है प्रतिबंध**

बता दें कि 24 फरवरी से कनाडा ने रूस-यूक्रेन और बेलारूस के 1,050 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। कनाडा के नवीनतम प्रतिबंध अपने पिछले प्रतिबंधों की तरह है, इनमें सूचीबद्ध व्यक्तियों और संस्थाओं पर संपत्ति फ्रीज और प्रतिबंध लगाना शामिल है।

**प्रधानमंत्री ट्रूडो ने यूक्रेन की मदद के लिए बढ़ाया हाथ**

गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के लिए नए हथियारों की घोषणा की थी। साथ ही उन्होंने इससे पहले भी कीव की अपनी यात्रा के दौरान रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध भी लगाए थे। इसके अलावा पीएम ट्रूडो ने यूक्रेन के व्यापार शुल्क को एक साल के लिए हटा दिया है।

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि मैं यूक्रेन के लिए और अधिक सैन्य सहायता, ड्रोन कैमरा, सैटेलाइट इमेजरी, छोटे हथियार, गोला-बारूद और अन्य सहायता की घोषणा कर रहा हूं।

जिसमें डिमाइनिंग आपरेशन के लिए फंडिंग भी शामिल है। इस दौरान पीएम ट्रूडो ने यह भी कहा था कि कनाडा अपने दूतावास को फिर से खोलेगा

## पाकिस्तान में मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया: सरकार

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान सरकार ने देश में मंकीपॉक्स का मामला सामने आने की खबरों को सोमवार को खारिज कर दिया। हालांकि सरकार ने इस पशु जनित एवं वायरस से फैलने वाले रोग को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

रेडियो पाकिस्तान की एक खबर में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकीपॉक्स के हर संदिग्ध मामले के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने के विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

खबर के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान में मंकीपॉक्स के मामले के बारे में सोशल मीडिया पर आ रही खबरें गलत हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान ने सोशल मीडिया पर प्रसारित इस तरह की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि देश में अब तक इस बीमारी का कोई मामला सामने नहीं आया है।

उन्होंने कहा, हमने (जांच) किट का ऑर्डर दिया है और वे जल्द ही (हमें) उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रवेश बिंदुओं पर कर्मचारियों को भी सतर्क कर दिया गया है और अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है।

# Brazil Death Toll: भारी बारिश और भूस्खलन से ब्राजील का बुरा हाल, मरने वालों की संख्या हुई 100

**रियो डी जनेरियो.** ब्राजील में लगातार भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण बारिश और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पूर्वोत्तर ब्राजील के राज्य पर्नामबुको में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। राज्य की राजधानी रेसिफ़ और इसके महानगरीय क्षेत्र में कार्यरत, बचाव दल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कम से कम 16 लोग अभी भी लापता थे, खोजबीन के बाद पता चला उनमें से 14 भूस्खलन से दब गए थे और दो पानी की धाराओं में बह गए थे, जबकि 6,000 से अधिक निवासियों को उनके घरों से निकाल लिया गया था।

**कई इलाकों में आपातकाल की स्थिति**

भारी बारिश जारी रहने के कारण मंगलवार को बचाव कार्य रुक-रुक कर करना पड़ा, जिससे क्षेत्र में नए भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है। कम से कम 14 पर्नबुको नगर पालिकाओं ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी, जबकि 33 ने पड़ोसी राज्य अलागोस में ऐसा ही किया, जहां



ब्राजील के पूर्वोत्तर इलाके पेरनामबुको में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब 100 लोगों की मौत हो गयी और हजारों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा। कम से कम 14 पर्नबुको नगर पालिकाओं ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दिया गया है।

बारिश के परिणामस्वरूप तीन लोग मारे गए और 18,000 से अधिक लोगों को निकाला गया, जो पिछले सप्ताह शुरू हुआ और सप्ताह के अंत में तेज हो गया।

**राष्ट्रपति ने किया आर्थिक मदद का एलान**

ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए 1 बिलियन रियल (लगभग 210 मिलियन अमेरिकी डॉलर) आवंटित करेगी। वहीं राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (पीएल) ने पीड़ितों और स्थानीय अधिकारियों के बचाव में सहायता के लिए टीमों को भेजने की घोषणा के बाद मंत्री बारिश से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

**खतरे के साए में हजारों लोग**

प्रांत के सिविल डिफेंस अधिकारी ने ट्विटर पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि पेरनामबुको में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब हजारों लोगों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा है।

**विस्थापितों को लिए स्कूलों में आसरा**

भारी बारिश के कारण अपने घरों से विस्थापित हुए लोगों को रेसिफे शहर में स्थित स्कूलों में ठहराया जा रहा है। वहीं, अलागोस राज्य सरकार ने भारी बारिश के कारण प्रभावित 33 नगर पालिकाओं ने आपातकाल घोषित कर दिया है।

## सार समाचार

### मकान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता समेत दो गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने मकान दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि छत्तीसगढ़ आवास बोर्ड का मकान दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोप में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल चंद्राकर (25) और विजय कुमार वोरा (30) को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि चंद्राकर और वोरा ने शहर के लाभांडी क्षेत्र में बोर्ड के मकानों को आवंटित कराने के नाम पर आठ लोगों से कथित तौर पर 70-70 हजार रुपए लिये थे, इस दौरान वोरा ने लोगों को बताया था कि चंद्राकर रायपुर नगर निगम में अधिकारी है। अधिकारियों ने बताया कि पैसे देने वाले लोगों के नाम पर जब मकान आवंटित नहीं हुआ तब उन्होंने दोनों के खिलाफ तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लोगों की शिकायत पर वोरा और चंद्राकर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भारतीय सेना की ह्यव्हाइट नाईट कोरह्न ने अपना 50वां स्थापना दिवस मनाया

जम्मू। भारतीय सेना की 16वीं कोर जिसे 'व्हाइट नाईट कोर' भी कहा जाता है, ने बुधवार को अपना 50वां स्थापना दिवस मनाया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया किकोर के प्रभारी जनरल अफसर कमांडिंग मेजर जनरल जे एस बिंद्रा ने इस अवसर पर उन सैनिकों को याद किया जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। प्रवक्ता ने कहा कि मेजर जनरल बिंद्रा ने वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को, नगरोटा सैन्य स्टेशन पर 'अश्वमेध शौर्य स्थल' पर पारंपरिक रूप से श्रद्धांजलि दी। व्हाइट नाईट कोर सेना की सर्वोत्तम कोर में से एक है और पीर पंजाल से लेकर शिवालिक पर्वत श्रृंखला तक तथा जम्मू और अखनूर के मैदानी इलाकों की रक्षा का जिम्मा इसके ऊपर है। इस कोर की स्थापना एक जून 1972 को उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के तहत की गई थी और लेफ्टिनेंट जनरल जे. एफ. आर. जैकब इसके पहले कोर कमांडर थे।

### बांग्लादेश से तैरकर भारत पहुंची लड़की

नई दिल्ली । सच्चे प्यार करने वाले सात समुंदर भी पार कर जाते हैं। यह कहावत बिल्कुल सटीक साबित होती है 22 साल की एक बांग्लादेशी युवती पर। मीडिया रिपोर्ट्स है कि इस युवती ने अपने प्यार को पाने के लिए खतरनाक जंगली जानवरों से भरे सुंदरवन डेल्टा को पार कर दिया। दोनों की शादी भी हो गई लेकिन बावजूद इसके युवती की मुश्किल कम नहीं हुई है। चलिए जानते हैं ये सबकुछ कैसे शुरू हुआ और अब यह युवती क्या कर रही है एक 22 वर्षीय बांग्लादेशी युवती भारत में अपने प्रेमी से शादी करने के लिए पश्चिम बंगाल (भारत)और बांग्लादेश में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी नदी सुंदरवन डेल्टा को पार कर गई। उसने खतरनाक जंगली जानवरों की परवाह किए बगैर डेल्टा को पार किया और एक घंटे तक तैरकर अपने प्यार को हासिल करने के लिए भारत पहुंची। युवती का नाम कृष्णा मंडल है, जिसकी भारत के अभिक मंडल के साथ फेसबुक पर दोस्ती शुरू हुई। कुछ ही समय में दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। अब कृष्णा ने अभिक से मिलने की ठानी। चूंकि कृष्णा के पास पासपोर्ट नहीं था, इसलिए उसने अवैध रूप से सीमा पार करने का विकल्प चुना। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कृष्णा ने सबसे पहले सुंदरवन डेल्टा में प्रवेश किया। सुंदरवन डेल्टा रॉयल बंगाल टाइगर्स के लिए जाना जाता है। लेकिन इसकी परवाह किए बगैर कृष्णा ने डेल्टा को एक घंटे तक तैरकर पार किया। तीन दिन पहले कृष्णा ने कोलकाता के कालीघाट मंदिर में अभिक से शादी की थी। हालांकि, कृष्णा को सोमवार की रोज अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि कृष्णा को बांग्लादेश उच्चायोग को सौंपा जा सकता है।

### कांग्रेस नेताओं के आने से आपत्ति नहीं अब हार्दिक पटेल की एंट्री से भाजपा नेता खफा

नई दिल्ली । हार्दिक पटेल गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। अब खबर है कि पटेल के आने से भाजपा नेताओं का एक वर्ग असंतोष जाहिर कर रहा है। नेताओं का कहना है कि पाटीदार नेता ने भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया है। पटेल ने मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का ऐलान कर दिया था। हाल ही में उन्होंने ट्वीट के जरिए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दिया था और अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम एक नोट भी लिखा था। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा, 'हमें कांग्रेस नेताओं के भाजपा में आने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हार्दिक पटेल ने हमारी पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। जमीनी स्तर के कार्यकताओं से लेकर शीर्ष नेताओं तक अधिकांश उन्हें भाजपा में नहीं चाहते।' कुछ पुराने वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें पटेल कह रहे हैं कि वह कभी भी भाजपा को 'सरेंडर' नहीं करेंगे। पाटीदार आंदोलन के चलते पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी थी और कई वरिष्ठ भाजपा सदस्यों के घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया गया था। तोड़फोड़ का जिम्मेदार पटेल के नेतृत्व वाली पाटीदार अनामत आंदोलन समिति को माना गया था। साल 2015 में कोटा आंदोलन के जरिए सुर्खियां बटोरने वाले पटेल ने 2019 में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी। एक साल बाद ही उन्हें गुजरात कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। हालांकि, यह पारी ज्यादा लंबी नहीं चली और हाल ही में पार्टी नेतृत्व और राज्य के नेताओं से नाराजगी के बीच उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला कर लिया था।

### देशभर में मिले कोरोना के 2745 नए केस, महाराष्ट्र, दिल्ली ने बढ़ाई टेंशन, एक्टिव मरीज 18 हजार के पार

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश भर में कोरोना के 2745 नए केस मिले हैं। जबकि इस दौरान 6 लोगों की मौत हो गई। ये आंकड़े पिछले दिन के मुकाबले 407 ज्यादा है। इससे पहले 2338 केस आए थे। अब एक्टिव केस की संख्या 18 हजार के पार हो गई है। डेली पॉजिटिविटी रेट 0.6 फीसदी है। कोरोना पर सबसे ज्यादा चिंता महाराष्ट्र और दिल्ली ने बढ़ाई है। यहां तेजी से केस बढ़ रहे हैं। देश में कोविड-19 के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 18,386 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है। साप्ताहिक संक्रमण दर 0.61 प्रतिशत है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 711 नए मामले दर्ज किए गए और एक मरीज ने संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया। गुजरात में कोविड-19 के 45 मामले सामने आए और किसी मरीज की मौत नहीं हुई। तमिलनाडु में कोविड-19 के 98 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें अमेरिका और केरल से लौटे दो लोग शामिल हैं। दिल्ली में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 373 नए मामले आए और एक मरीज की मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर 2.15 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन में बताया गया कि नए मामलों के साथ दिल्ली में अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 19,06,896 और मृतक संख्या 26,210 है। पिछले दिन 17,371 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में सोमवार को संक्रमण के 212 मामले आए थे और संक्रमण दर 2.42 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, रविवार को 357 मामले आए थे।

## हरियाणा-राजस्थान में होगी सियासी जंग प्रतापगढ़ी के नाम पर महाराष्ट्र कांग्रेस में भी महाभारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

राज्यसभा चुनाव में दो मीडिया दिग्गजों की आखिरी मिनट में एंट्री ने कम से कम दो राज्यों राजस्थान और हरियाणा में बीजेपी और कांग्रेस के बीच मुकाबला खड़ा कर दिया है। संसद के उच्च सदन के सदस्य और जी समूह के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने भाजपा के समर्थन के साथ राजस्थान से अपना नामांकन दाखिल किया। यहां कांग्रेस चार में से दो और बीजेपी एक सीट जीतने की स्थिति में है। अब चौथी सीट के लिए मुकाबला सुभाष चंद्रा के साथ होगा, जो कांग्रेस के प्रमोद तिवारी को चुनौती देंगे। कथित तौर पर भाजपा राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट विवाद में पनप रही नाराजगी का फायदा उठाने की कोशिश में है। आपको बता दें कि कांग्रेस यहां राज्यसभा उम्मीदवारों की अपनी पसंद पर गुस्से का सामना कर रही है। कांग्रेस कैंडिडेट रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवारी सभी अन्य राज्यों से हैं और स्थानीय विधायकों द्वारा बाहरी के रूप में देखे जाते हैं। वसुंधरा राजे कैबिनेट के पूर्व मंत्री रहे घनश्याम तिवारी बीजेपी के उम्मीदवार हैं। 200 सदस्यीय



राजस्थान विधानसभा में प्रत्येक उम्मीदवार को जीतने के लिए 41 वोट चाहिए। कांग्रेस के पास 108 विधायक हैं और भाजपा के पास 71 वोट हैं। बीजेपी के पास 30 सरप्लस वोट हैं और दूसरी सीट जीतने के लिए उसे 11 और वोट चाहिए। तीसरी सीट जीतने के लिए कांग्रेस को 15 और वोट चाहिए। इसलिए, छोटे दल और निर्दलीय उम्मीदवार सीट जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। 13 निर्दलीय, दो राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सदस्य, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दो और सीपीएम के दो विधायक हैं, जो निर्णायक कारक हो सकते हैं। भाजपा शासित हरियाणा में कांग्रेस को एक सीट पर कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ेगा। आईटीवी नेटवर्क के प्रबंध निदेशक कार्तिकेय शर्मा हरियाणा से राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उनके आने से कांग्रेस के अजय माकन की पिच पर सवालिया निशान लग सकता है। कार्तिकेय शर्मा कांग्रेस के पूर्व नेता विनोद शर्मा के बेटे और हरियाणा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के दामाद हैं। उन्हें भाजपा के साथ-साथ जजपा (जननायक जनता पार्टी) का भी समर्थन प्राप्त है। जजपा नेता अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी के सभी 10 विधायक कार्तिकेय शर्मा का समर्थन करेंगे। किसी भी पार्टी को एक सीट जीतने के लिए 31 वोट चाहिए। कांग्रेस के पास 31 हैं। भाजपा के पास नौ सरप्लस वोट हैं, जिसे वह शर्मा को ट्रांसफर कर सकती है।

## ओवैसी की पार्टी ने नूपुर शर्मा के सिर पर रखा एक करोड़ का इनाम, बग्गा बोले कार्रवाई करें गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने दावा किया है कि एआईएमआईएम ने भगवा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के सिर पर एक करोड़ रुपये का इनाम रखा है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए ओवैसी की पार्टी को आतंकवादी करार दिया है। उन्होंने कहा एआईएमआईएम ने नूपुर शर्मा के सिर पर एक करोड़ का इनाम जारी किया है। मैं अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि कृपया इस आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दें। आपको बता दें कि इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एआईएमआईएम के नेता नूपुर शर्मा के सिर पर एक करोड़ के इनाम की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं। तजिंदर पाल बग्गा ने भी यह वीडियो शेयर किया है।



इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा का कहना है कि उन्हें लगातार धमकी भरे संदेश और कॉल आ रहे हैं। धमकी देने वाले लोग उन्हें और उनके परिवार को अपशब्द कहने के साथ जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने धमकी देने वाले आरोपियों के संदेशों के स्क्रीन शॉट अपने ट्विटर हैंडल पर भी साझा किए हैं। नुपुर शर्मा ने बताया कि वह गुरुवार को एक न्यूज चैनल पर ज्ञानवापी मस्जिद के मसले पर डिबेट में शामिल हुई थीं। जहां उन्होंने तथ्यों के साथ अपनी बातों को रखा था। मगर इस डिबेट के बाद से ही उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

धमकी देने वाले अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के साथ उनका और उनके परिवार के सदस्यों का सिर कलम करने तक की धमकी दे रहे हैं। नुपुर शर्मा ने जब दिल्ली पुलिस को टैग करते हुए आरोपियों के धमकी भरे संदेश अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किए तो दिल्ली पुलिस ने भी इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। नुपुर शर्मा ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस कमिश्नर को भी अपनी शिकायत भेज रही हैं। नूपुर शर्मा के खिलाफ मुंबई में टीवी शो के दौरान पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। भारतीय सुन्नी मुसलमानों के सुन्नी बरेलवी संगठन रजा अकादमी की शिकायत के बाद यह कार्रवाई हुई है। शर्मा के खिलाफ मुंबई के पाइधोनी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आईपीसी की धारा 295ए, 153ए और 505बी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अरविंद केजरीवाल ने घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग की




**नयी दिल्ली। (एजेंसी)**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घाटी में कई कश्मीरी पंडितों को 'निशाना बनाकर की गई' हत्या की घटनाओं पर बुधवार को क्षोभ व्यक्त किया और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा दिए जाने की मांग की। केजरीवाल ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आतंकवादी ताकतें जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिक सौहार्द नहीं चाहती हैं और इसीलिए कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों को 'निशाना बनाया जा रहा है और उनकी हत्या की जा रही है', जिससे 90 के दशक में हुई घटनाओं की याद ताजा हो जाती है।

उन्होंने कहा कि इस साल 16 कश्मीरी पंडितों की हत्या की जा चुकी है। केजरीवाल ने कहा, 'मैं मांग करता हूं कि कश्मीरी पंडितों को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए और उनकी आवाज को दबाया न जाए। उन्हें उनकी जन्मभूमि में अपने घर बसाने की अनुमति दी जानी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि वह कश्मीर में बसने में कश्मीरी पंडितों की मदद करे। हमें मिलकर काम करना होगा और यदि हम इसमें कोई भी भूमिका निभा सकते हैं, तो हम उसके लिए तैयार हैं।'

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हिंदू समुदाय की एक शिक्षिका की हत्या के विरोध में जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

## पिछले आठ साल में मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास हुआ :योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ। (एजेंसी)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 2014 से पहले लोगों में अविश्वास का भाव था और अलगाववाद, उग्रवाद और आतंकवाद सिर चढ़कर बोल रहा था। यहां भाजपा मुख्यालय में नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद स्थिति बदल गई जब मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ सत्ता में आई। आदित्यनाथ ने कहा, 2014 से पहले सरकार के खिलाफ लोगों में अविश्वास का भाव था।




अलगाववाद, उग्रवाद और आतंकवाद सिर चढ़कर बोल रहा था। अराजकता चरम पर थी। भ्रष्टाचार संस्थागत हो गया था। उन्होंने कहा कि मई 2014 में जब मोदी सत्ता में आए तो ग्रामीणों, गरीबों, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के उनकेजीवन को बदलने वाली योजनाएं शुरू की गईं। उन्होंने कहा कि गरीबी हटाने के लिए नारे तो लग रहे थे , लेकिन पिछले कई सालों में गरीबी हटाने के लिए कुछ नही किया गया, उनके लिए और रोटी, कपड़ा और मकान के लिए भी कुछ ठोस नहीं किया गया।

## नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। 8 जून को उनसे पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा राहुल गांधी को 2 जून को बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए वक्त दिए जाने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी विदेश में हैं और उन्होंने पेशी के लिए दूसरी तारीख देने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम झुकेंगे नहीं और सामना करेंगे। उन्होंने कहा है कि सोनिया गांधी खुद ईडी के दफ्तर जाएंगी और सभी सवालों के जवाब देंगी। आपको बता दें कि इस केस को 2015 में जांच एजेंसी ने बंद कर दिया था। गांधी परिवार के खिलाफ ईडी के समन के बाद सियासी बयानबाजी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, 'नेशनल हेराल्ड मामले में साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने नोटिस भेजा है। लेकिन हम डरेंगे नही,



झुकेंगे नहीं... सीना ठोक कर लड़ेंगे।' अभिषेक मनु सिंघवी ने भाजपा पर अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगया है। इससे पहले 12 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता पवन बंसल से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे वित्तीय लेन-देन सहित कई पहलुओं को लेकर सवाल किए गए थे। सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा, पत्रकार सुमन दुबे और टेक्नोक्रेट सैम पित्रोदा पर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि यंग इंडिया लिमिटेड के जरिए गलत तरीके से इसका अधिग्रहण किया गया है और कांग्रेस नेताओं ने 2,000 करोड़ रुपये तक की संपत्ति हथिया ली। इस मामले की जांच 2014 में ईडी की ओर से शुरू की गई थी। कांग्रेस इस मामले को लेकर कहती रही है कि यंग इंडिया लिमिटेड का मकसद प्रॉफिट कमाना नहीं है बल्कि इसका गठन चैरिटी के लिए किया गया है।

## देश में जल्द लाया जाएगा जनसंख्या नियंत्रण का कानून : प्रह्लाद पटेल

**रायपुर(एजेंसी)**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून जल्द लाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री पटेल का बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही महीने पहले केंद्र सरकार संसद में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की जरूरत से इनकार कर चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यसभा में भाजपा सांसद राकेश सिन्हा की तरफ से पेश जनसंख्या नियंत्रण बिल पर कहा था कि लोगों पर दबाव डालने के बजाय सरकार उन्हें जनसंख्या नियंत्रण के लिए सफलतापूर्वक जागरूक कर रही है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल रायपुर में बरौंदा के आईसीएआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट संस्थान में आयोजित 'गरीब कल्याण सम्मेलन' में भाग लेने के लिए आए थे। इसके बाद होटल में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल से जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर सवाल पूछा। इस पर उन्होंने कहा इसे जल्द लाया जाएगा, चिंता न करें। जब इस तरह के मजबूत और बड़े फैसले लिए गए हैं तो बाकी को भी पूरा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर देश में पहले भी बहस होती रही है। जुलाई 2019 में भाजपा सांसद राकेश सिन्हा ने राज्यसभा में जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया था। इस विधेयक में दो-बच्चों वाला नियम लागू करने और उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान तय करने की मांग की गई थी। इस पर 2 अप्रैल 2022 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने संसद में कहा था कि इस बिल की जरूरत नहीं है। बिल पर चर्चा के जवाब में उन्होंने कहा था कि लोगों पर दबाव डालने के बजाय सरकार उन्हें जनसंख्या नियंत्रण के लिए सफलतापूर्वक जागरूक कर रही है। साथ ही इसके लिए स्वास्थ्य अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने परिवार नियोजन कार्यक्रमों के नतीजों की जानकारी देते हुए बताया था कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-वी (एनएफएचएस) और जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट देखने को मिल रही है। 1971 में औसत वार्षिक वृद्धि 2.20 थी। 1991 में यह 2.14 हो गई। फिर 2011 में ये और कम होकर 1.64 हो गई। इससे यह पता चलता है कि जनसंख्या वृद्धि कम हुई है और ये लगातार जारी है। ये अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा था कि इससे पता चलता है कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकारी नीतियां बिना दबाव और अनिवार्यता के भी बेहतर काम कर रही हैं। देश में इलाज सेवाएं बेहतर हुई हैं। देश बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नया इंडिया बन रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के इस बयान के बाद राकेश सिन्हा ने बिल वापस ले लिया था।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा टारगेट किलिंग की घटनाओं पर कहा जो लोग अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद की स्थिति की बात करते हैं तो उससे पहले के समय और वर्तमान की तुलना कर लें। जब भी कोई लक्षित हत्या होती है, उसके पीछे बहुत सारी वजहें होती हैं। उसके पीछे पाकिस्तान और पाकिस्तान समर्थित ताकतें हैं, लेकिन यह भी सच है कि आप 24 घंटे इंतजार कीजिए और पता चल जाएगा कि मारने वाला कहां रहेगा। पटेल ने कहा कि यह आतंकवादियों की ओर से आखिरी



प्रयास है। भारत सरकार, हमारी सेना, अर्धसैनिक बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस पूरी लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। आतंकवादियों को उखाड़ फेंका जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी दल कांग्रेस पर भी हमला किया और कहा कि यहां कुछ केंद्रीय योजनाओं का लक्ष्य पूरा नहीं किया गया है। पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का 23 फीसदी कार्य हुआ है, जबकि देश में औसतन 50 फीसदी कार्य हो चुका है। मैं मानता हूं कि यहां पर जल स्रोत की समस्या नहीं है, यहां पर प्रबंधन की समस्या है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# बिनाअधिकुत बांधकाम विभाग के ईमानदार होने के बाद,59 केस गुजरात हाईकोर्ट में

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुचना अधिकार अधिनियम के तहत माँगी गई जानकारी विभाग देने के लिए निति-नियम बनाया गई है, अधिकारी अगर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए पायेगा तो उसके खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता के तहत कार्यवाही किया जा सकता हैं, लेकिन अपने कार्य की लापरवाही छुपाने के लिए किस प्रकार पत्र लिखते हैं यह इस पत्र का नूमना है जो सुडा के कार्यपालक इंजीनियर के द्वारा गुजरात राज्य माहिती आयोग को लिखा गया था.


નામદાર ગુજરાત માહિતી આયોગ

સુડા/યુ-૨૫/વશી- ૩૨૮
તા- ૨૮/૦૨/૨૦૨૨

ફરિયાદ-જીઆઇસી અ-૦૪૪૮-૨૦૨૨

ફરિયાદી:- શ્રી સુરેશ બલરામ મૌર્યા,
એસ.ટી.પી.આઇ.સુરત,
ભેસ્તાન-જીયાવ રોડ ભેસ્તાન,સુરત-૩૯૫૦૨૩.

વિરૂધ્ધ

સામાવાળા:- (૧) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(મદદનીશ નગર નિયોજકશ્રી)
સુરત શહેરી વિકાસ સત્તામંડળ
"સુડા ભવન" વેસુ આભવા રોડ,વેસુ,સુરત.
(૨) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(ઇ.ચા હેડ કલાર્કશ્રી)
(૩) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(આવાસ શાખા)
(૪) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(નાયબ મામલતદારશ્રી)
(૫) જાહેર માહિતી અધિકારીશ્રી
(નાયબ કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી)
(૬) અપીલ અધિકારીશ્રી
(પ્રવર નગર નિયોજક)
(૭) અપીલ અધિકારીશ્રી
(કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી)

અરજદારે સને-૨૦૨૧ માં કુલ-૬ R.T.I કરેલ છે જે દ.પુ (૪ થી ૯) રજુ છે. જે જોતા વાંરવાર ૧૨ થી ૧૫ મુદ્દા ની R.T.I કરી અને મળેલ અધિકાર નો દુર ઉપયોગ કરતા હોય અને તે પાછળ સમાચાર તંત્રના તંત્રી તરીકે કચેરી ઉપર દબાણ કરતા હોય અને તે પાછળ સમાચાર તંત્રના તંત્રી તરીકે કચેરી ઉપર દબાણ ઉત્પન્ન કરવા સિવાય કોઇ અભિગમ નથી તદ ઉપરાંત પોતાનો માહિતી મેળવવાનો હેતુ બર ન આવે તો અપીલ અધિકારી ઉપર શિકાયત દર્જ કરવાની IPC હેઠળ ગુન્હાની મેઇલથી અરજીઓ સરકારના વિવિધ વિભાગોમાં મોકલેલ છે. આવી જ એક અરજી ઉપરોક્ત અપીલ અધિકારીના નિર્ણય બાદ મોકલેલ છે( તા.૨૨/૦૨/૨૦૨૨) દ.પુ.૧૦ થી રજુ છે.

નામદાર આયોગ ના અપીલ નં.-અ-૨૮૭૬-૨૦૨૧ તા.૧૬/૦૨/૨૦૨૨ અન્વયે અરજદાર દ્વારા અધિનિયમન જોગવાઇ નો દુર ઉપયોગ થતો હોય કાર્યવાહી થાય તેવી નમ્ર વિનંતી છે.

(ડી.એ.શાહ)
કાર્યપાલક ઇજનેરશ્રી
અપીલ અધિકારીશ્રી
સુરત શહેરી વિકાસ સત્તામંડળ
સુરત

# शिक्षा क्षेत्र में गुजरात ने किया 360 डिग्री विकास

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

किसी भी देश में विकास की असली कसौटी यह होनी चाहिए कि वहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार की तसवीर कैसी है ? विकास के संदर्भ में ये तीनों ही क्षेत्र परस्पर जुड़े हुए हैं इसलिए इनमें से कोई भी क्षेत्र बेहतर या कमतर हो, तो इसका सीधा प्रभाव दूसरे क्षेत्रों पर पड़ता है। भारत को यदि एजुकेशन सेक्टर में एक लंबी छलांग लगानी है, तो यह ज़रूरी है कि हमें अब तक चली आ रही अपनी शिक्षा पद्धति में बदलाव करते हुए 'सीखने' पर अधिक ज़ोर देना होगा, जैसा कि केन्द्र सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है। 'सीखने' के गुर के साथ-साथ देश की हर राज्य सरकार को इसके लिए भी सक्रियता दिखानी ही होगी कि नई शिक्षा नीति समय रहते उसकी मूल भावना के साथ लागू हो। गुजरात के संदर्भ में यह बात उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला गुजरात देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य सरकार ने नई शिक्षा नीति के सभी पहलुओं का अध्ययन करते हुए इसके कार्यान्वयन की पूरी रूपरेखा को तैयार कर इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया है। शिक्षाविदों का मानना है कि नई शिक्षा नीति 2020 गुजरात के लिए सफल और उपयुक्त परिणाम लेकर आएगीऔर इसके पीछे गुजरात की वो उपलब्धियाँ हैं,

# SUDA महेरबान या भागीदार ?

## उच्च अधिकारी क्यों नही होने दे कार्यवाही की अनुमति दे रहे.

### कार्यवाही के नाम पर कार्यवाही ही क्यों होती.

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

**सुडा के उच्च अधिकारीगण, जवाबदार अधिकारी, अवैध बांधकाम विभाग के अधिकारी क्यों नही करते आगे की कार्यवाही.**



सूरत,लाजपुर के क्षेत्र में बन रहे अवैध बांधकाम पर अधिकारीगण की कागजी कार्यवाही दिखाने के लिए होते है या कार्यवाही करने के लिए इस प्रश्न जनता जनार्दन में खड़ा कर दिया. की बिल्डर के द्वारा बनाया जा रहे बिल्डिंगों में आखिर कार कार्यवाही क्यों नही होती.

**SUDA की महेरबानी या लापरवाही ?**

**बिल्डर का बिल्डिंग या अधिकारीयों की भागीदारी बना अवैध निर्माण ?**

**सील किया गए मिल्कत पर किसकी इजाजत से बांधकाम की कार्यवाही शुरूआत किया गया.**

# यह विभाग के द्वारा किया गया डिमोलिशन हैं या सेटिंग.com

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

SUDA की महेरबानी या लापरवाही से इस कार्यपर नजरअंदाज करते हुए अधिकारीगण अपने पद का दुरूपयोग कर सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर विभाग के कोष को हानि पहुचने संबंधित कार्यवाही भारतीय दंड सहित के अनुसार विभाग के उच्च अधिकारीगण को करना चाहिए. जिससे भ्रष्टाचार की इस दलदल में कार्यालय में कुछ लगाम लगा सके.



# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 6 जून को आएंगे गुजरात,2 महीने में चौथा दौरा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात विधानसभा के चुनाव निकट हैं और इसे लेकर राजनीतिक गहमागमी बढ़ गई है। भाजपा, कांग्रेस, आप और एआईएमआईएम के राष्ट्रीय नेताओं की गुजरात में आवाजाही तेज हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल फिर एक बार गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। पिछले 2 महीने में अरविंद केजरीवाल का गुजरात का यह चौथा दौरा होगा। दरअसल गुजरात विधानसभा के आगामी चुनावों को लेकर आप ने 15 मई से राज्य के 6 जोन में परिवर्तन यात्रा शुरू की थी।

गिर सोमनाथ, देवभूमि द्वारका, दांडी, अबडासी और उमरगाम से प्रारंभ हुई आप की परिवर्तन यात्रा के दौरान प्रभातफेरी, नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया गया।

आप का दावा है कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से 10 लाख लोगों से संपर्क किया गया।

